संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक दैनन्दिनी.

■ वर्ष -17 ■ अंक-111 ■ रायपुर, शुक्रवार 18 सितंबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ■ CHHHIN/2010/34274 पृष्ठ 8 ■ मूल्य-1.50 रुपये

आज का पंचांग

तिथि : सप्तमी
नक्षत्र : ज्येष्ठा
प्रथम करण : वणिजा
द्वितीय करण : विष्टि
पक्ष : शुक्ल
वार : शुक्रवार
योग : प्रीति
सूर्योदय : 06:07
सूर्यास्त : 18:15
चंद्रमा : वृश्चिक राशि में
राहुकाल : 10:40 - 12:11
विक्रमी संवत् : 2083
शक संवत : 1948
मास : भाद्रपद
शुभ मुहूर्त अभिजीत : 11:47 - 12:35

सवा लाख 'आशीर्वाद के दीपों' से जगमगाया खारुन तट, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए हुई महाआरती

पीएम मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण को मिली नई गति : सीएम साय

रायपुर ■ दैनन्दिनी

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर आज राजधानी रायपुर का महादेव घाट सवा लाख दीपों की ज्योति से जगमगा उठा। खारुन नदी के पावन तट पर आयोजित विराट दीपोत्सव एवं महाआरती 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय शामिल हुए और प्रदेशवासियों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। सवा लाख दीपों की एक साथ प्रज्वलित ज्योति से महादेव घाट का पूरा परिसर आलोकित हो उठा। श्रद्धा, आस्था और जनभागीदारी के इस अनुपम संगम के बीच खारुन मैया की भव्य महाआरती की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपना जीवन राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित किया है। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास, जनकल्याण और राष्ट्रीय स्वाभिमान के क्षेत्र में अनेक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी दिन-रात 140 करोड़ देशवासियों की सेवा में जुटे हैं और उनके नेतृत्व में आज भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज खारुन मैया के पावन तट पर प्रज्वलित सवा लाख दीप प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति छत्तीसगढ़वासियों के

स्नेह, आत्मीयता और शुभकामनाओं की अभिव्यक्ति हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। विराट दीपोत्सव के दौरान साध्वी प्रज्ञा भारती एवं आचार्यों द्वारा विधि-विधान के साथ खारुन मैया की महाआरती की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने भी महाआरती में सहभागिता की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को समर्पित साध्वी प्रज्ञा भारती द्वारा रचित एवं स्वरबद्ध गीत का मुख्यमंत्री ने विमोचन किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश ने देखे ऐतिहासिक परिवर्तन

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने ऐसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय और परिवर्तन देखे हैं, जिनकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने से लेकर अयोध्या में भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने तक देश ने नए आत्मविश्वास और सामर्थ्य का अनुभव किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रहित में बड़े और दूरगामी निर्णय लिए गए हैं। उनके दृढ़ संकल्प, स्पष्ट दृष्टि और राष्ट्रसेवा की भावना ने देश में विकास और जनकल्याण की गति को तेज किया है। आज भारत विश्व मंच पर अधिक आत्मविश्वास और सामर्थ्य के साथ अपनी भूमिका निभा रहा है।

'बार-बार दिन ये आए ... जियो हजारों साल'

तेलंगाना में शिवराज चौहान ने गाना गाकर पीएम मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

तेलंगाना ■ एजेंसी

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को तेलंगाना के दौरे पर रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शिवराज चौहान ने 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शिवराज चौहान ने रंगारेड्डी जिले के कंदुकूर मंडल स्थित थिम्मापुर गांव में किसानों और स्वयं सहायता समूहों (SHGs) की दीदियों के साथ पीएम मोदी के जन्मदिन पर 'आशीर्वाद का दिया' जलाया।

मंच पर से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं आपके बीच आकर पीएम मोदी का जन्मदिन मना रहा हूं। इसके साथ ही शिवराज ने गाना गा कर पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। शिवराज चौहान ने मंच से 'बार-बार दिन ये आए... जियो तुम हजारों साल, हैप्पी बर्थडे टू यू...' गाना गाया। इसके साथ ही शिवराज चौहान ने कहा कि आज विश्वकर्मा जयन्ती और आज हैदराबाद मुक्ति दिवस भी है। शिवराज चौहान ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। उनके नेतृत्व में किसी भी देश की हिम्मत नहीं होती है कि भारत पर आंख उठाकर देख ले।

शिवराज ने कहा कि आज विश्वकर्मा दिवस है, इसलिए पीएम मोदी विकसित भारत के निर्माणकर्ता हैं। मोदी जी के आने से आमजन के लोगों का जीवन बदला है। मोदी की सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं, इसमें लखपति दीदी योजना भी है, जिससे महिलाओं, माताओं और बहनों को खासा लाभ हुआ है। कार्यक्रम के अंत में शिवराज चौहान ने लोगों के मोबाइल फोन के फ्लैश लाइट जलवाए। मंच

नितिन नबीन ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की बधाई, विपक्ष पर कसा तंज

इंदौर ■ एजेंसी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। इंदौर में नितिन नबीन ने कहा कि PM मोदी ने भारत की विरासत को आगे बढ़ाते हुए 140 करोड़ लोगों को विकास से जोड़ा है। पीएम मोदी विश्व के सर्वमान्य नेता हैं। इसके साथ ही नितिन नबीन ने विपक्ष पर तंज कसा और कहा, जब विपक्ष राजनीति में लगा हुआ था, तब हमने समाज को एकजुट करने और लोगों को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का काम किया।

इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान BJP नेता नितिन नवीन ने कहा कि जब भारत

BRICS समिट में अपनी छाप छोड़ रहा था, तब विपक्ष सिर्फ़ मेन्यू देख रहा था। जो लोग देश को बांटने वालों के साथ चलते हैं, वे अब देश को एकजुट करने की बात कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने गुरुवार को इंदौर में मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को मुफ्त भूमि स्वामी अभिलेख यानी रजिस्ट्री बांटी।

शशि थरूर ने दी पीएम मोदी को बधाई

तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि पीएम मोदी के लिए यह दिन बहुत सुखद हो और आने वाला साल सेहतमंद और खुशियों से भरा रहे। कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा, 'इस अवसर पर मेरी शुभकामनाएं हैं कि वे हमारे प्यारे देश की निरंतर सेवा करते रहें।

पीएम मोदी के 25 साल बेमिसाल

विकसित भारत के लिए देश को चाहिए ऐसा नेता : अमित शाह

गांधीनगर ■ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपना 76वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी (BJP) की अगुवाई में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वड़नगर से वाराणसी तक की बाइक रैली उन खास कार्यक्रमों में से एक है, जो इस मौके और मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। पीएम मोदी 76 साल के हुए; अमित शाह ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वड़नगर से वाराणसी के लिए बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थान, गुजरात के वड़नगर से वाराणसी तक एक बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। यह रैली 'सेवा संकल्प अभियान' का हिस्सा है, जिसे मोदी के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन में उनके 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू किया गया है। इस मौके पर बोलते हुए शाह ने मोदी के राजनीतिक सफर और सार्वजनिक जीवन के वर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री की उस प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया जिसे उन्होंने "सबका भला, किसी का तुष्टीकरण नहीं" के रूप में बताया।

शाह ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि वे प्रधानमंत्री के जन्मस्थान वडनगर में उनके जन्मदिन पर आए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने हाटकेश्वर महादेव मंदिर में मोदी की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। शाह ने कहा

कि यहां से जल्द ही एक यात्रा शुरू होने वाली है। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत, यह यात्रा वडनगर से वाराणसी तक जाएगी। शाह के अनुसार, कुल 600 बाइकर्स - 300 वडनगर से और 300 वाराणसी से - सात राज्यों और कई गांवों से होकर गुजरेंगे। इस यात्रा का मकसद मोदी की 25 साल की जनसेवा का संदेश फैलाना है। वडनगर-वाराणसी और वाराणसी-वडनगर बाइक यात्राएं 17 सितंबर से शुरू हो रही हैं और 7 अक्टूबर को खत्म होंगी; यह तारीख मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के 25 साल पूरे होने का प्रतीक है। शाह ने कहा कि आज़ादी के बाद से किसी भी दूसरे नेता ने लगातार 25 सालों तक राज्य और राष्ट्रीय स्तर के नेता के तौर पर काम नहीं किया है। शाह ने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' के हमारे विज़न को साकार करने के लिए हमें ऐसे बहुत से युवाओं की ज़रूरत है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलें और आने वाली तीन पीढ़ियों तक 'इंडिया फर्स्ट' (भारत सबसे पहले) के मंत्र को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएं।"

मेरठ कॉलेज में छात्रों के दो गुट भिड़े, 6 हिरासत में

मेरठ. मेरठ कॉलेज में बुधवार दोपहर छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई. पुलिसकर्मियों के सामने भी छात्र एक-दूसरे पर बेल्ट और लात-घूंसों से हमला करते रहे. हंगामा बढ़ने पर छात्राएं सहम गईं और कई छात्राएं कॉलेज परिसर से बाहर निकल गईं. अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचने के बाद स्थिति पर काबू पाया गया. पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस के मुताबिक, बीए प्रथम वर्ष का एक छात्र बुधवार को पहली बार मेरठ कॉलेज आया था. आरोप है कि छात्र नेता अभिनव मल्लापुर गुट के कुछ युवक उसके पास पहुंचे और उसके साथ मारपीट की. इसके बाद दूसरे गुट से जुड़े छात्र भी मौके पर पहुंच गए. देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए. विवाद बढ़ने पर छात्रों ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा. कई छात्रों के बीच बेल्ट से भी मारपीट हुई.

पीएम मोदी के जन्मदिन पर त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब देब ने किया रक्तदान

अगरतला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत अगरतला में महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने पहुंचकर स्वयं रक्तदान किया और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बिप्लब कुमार देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भाजपा कार्यकर्ता सेवा और समर्पण के पर्व के रूप में मना रहे हैं। रक्तदान महादान है और जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी दाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह प्रयास समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना का उदाहरण है। बिप्लब देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विकास और प्रगति के नए दौर से गुजर रहा है। देश की अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, डिजिटल तकनीक, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए अवसरों के क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। देब ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विकास को जनभागीदारी से जोड़ते हुए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना को आगे बढ़ाया है।

अमेरिका के 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी पर भारत का सीधा जवाब

कहा- 'हम 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध'

नई दिल्ली ■ एजेंसी

अमेरिका की ओर से भारत पर बड़े स्तर पर टैरिफ लगाए जाने का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, अमेरिका की कांग्रेस ने रूस पर सैंक्शन लगाने वाले बिल को पास कर दिया है। बता दें कि ये बिल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ये अधिकार दे देगा कि वह रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर भारी टैरिफ लगा सके। अमेरिकी कांग्रेस में बिल के पक्ष में 262 और विपक्ष में 159 नोट डाले गए। कांग्रेस से ये बिल पास होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के पास जाएगा। उनके हस्ताक्षर के बाद ये बिला कानून बन जाएगा। अब अमेरिका की टैरिफ की इस धमकी पर भारत जवाब भी सामने आ गया है।

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हमने अमेरिकी कांग्रेस में रूस और ईरान पर प्रतिबंध लगाने वाले एक्ट के पारित होने पर ध्यान दिया है और इस मामले में आगे होने वाली गतिविधियों पर नजर बनाकर रखे हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा- "हमारी तरफ से पहले भी ये बात कई बार कही जा चुकी है। भारत अपने 1.4 अरब लोगों की एनर्जी सिक्योरिटी (ऊर्जा सुरक्षा) को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत अलग-अलग सोर्स से ऊर्जा हासिल करके और मार्केट की बदलती हुई स्थितियों के आधार पर ऐसा करना जाकी रखेगा।" भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि "बीते कुछ महीनों में भारत और अमेरिकी अधिकारियों के बीच इस मुद्दे पर हाई लेवल पर बातचीत हुई है। भारत ने साफ तौर पर कहा है कि इसके (टैरिफ) असर न सिर्फ भारत और अमेरिका के रिश्तों पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर भी पड़ सकते हैं।

पुसौर नगर पंचायत के 8 पार्षदों ने छोड़ी पार्टी की सदस्यता

रायगढ़ ■ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के दिन रायगढ़ जिला के पुसौर ब्लॉक में चल रहे भाजपा के सेवा, संकल्प अभियान को बड़ा झटका लगा है. पुसौर नगर पंचायत के 8 पार्षदों ने भाजपा जिला अध्यक्ष को सामूहिक हस्ताक्षरित त्याग पत्र सौंपा है. इस घटनाक्रम से पार्टी में खलबली मची हुई है.

रायगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष अरुणधर दीवान को त्याग पत्र सौंपने वाले पुसौर नगर पंचायत के पार्षदों में वार्ड 6 पार्षद बलराम, वार्ड 14 पार्षद शौकीलाल चौहान, वार्ड-11



पार्षद रूपेश कुमार साव, वार्ड 1 पार्षद प्रदीप यादव, वार्ड 2 पार्षद फागूलाल प्रधान, वार्ड-3 पार्षद मंजू पटेल, वार्ड 7 पार्षद वरुण महाणा और नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव शामिल हैं. पार्षदों ने त्याग पत्र में अपनी पीड़ा बताते हुए लिखा है कि शासकीय कर्मचारियों और नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा किये जा रहे उत्पीड़न एवं विकास कार्य की शून्यता को लेकर हम सभी अत्यंत पीड़ा में हैं. हमारे वार्ड में जन सुविधा हेतु विकास कार्य पानी, बिजली, रोड नाली, व अन्य विकास कार्य नहीं किये जा रहे हैं. पार्षद निधि का भी कार्य नहीं हो रहा हैं.

एक ही दिन में 3 लोगों ने दी जान

किसी ने लगाई फांसी, तो किसी ने शराब में मिलाकर पी लिया जहर

धमतरी (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आत्महत्या का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है और अब एक बार फिर एक ही दिन में तीन लोगों ने अपनी जान दे दी है। पहली घटना अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अमेठी की है, जहां धनेश्वर विश्वकर्मा ने अपने ही गांव के श्मशान घाट में शराब में जहर मिलाकर पी लिया। परिजनों को जानकारी मिली तो आनन फानन में उसे धमतरी जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के

लालबगीचा वार्ड की है, जहां बबला सेन नामक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। आखिर ऐसा क्या हुआ कि एक हंसते खेलते युवक ने मौत को गले लगा लिया। तीसरी घटना दरगहन की है, जहां निवासी केशव सोरी खेत में दवाई छिड़काव करने गया था, लेकिन बोरिंग के पास वो अचेत अवस्था में पड़ा मिला। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले की जांच में जुटी पुलिस

बहरहाल तीनों ही मौतों का कारण अज्ञात बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है, लेकिन सवाल ये है कि धमतरी में लगातार हो रही ये आत्महत्याएं कब रुकेंगी। ये समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। बता दें कि जिले में सुसाइड एक गंभीर संकट बनता जा रहा है. जिला अस्पताल के डॉक्टरों की मानें तो पिछले 3 साल 8 महीनों में कुल 1265 पोस्टमार्टम हुए हैं, और इसमें से लगभग 50 प्रतिशत मामले आत्महत्या के हैं.

अलीगढ़ में करणी सेना जिलाध्यक्ष पर भीड़ का हमला, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

अलीगढ़. उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में क्षत्रिय युवा करणी सेना के जिलाध्यक्ष सचिन राघव पर करीब 100 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया.

घंटाघर के पास बुधवार शाम हुई घटना में आरोप है कि भीड़ ने उन्हें सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर थप्पड़, लात-घूंसों और बेल्ट से पीटा. इस दौरान सचिन हाथ जोड़कर माफी मांगते नजर आए.

उन्हें बचाने पहुंचे उनके छोटे भाई सुंदर और दोस्त प्रहलाद के साथ भी मारपीट की गई. घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र में घंटाघर के पास की है. बताया गया कि सचिन राघव अपने छोटे भाई और दोस्त के साथ चाट खा रहे थे. इसी दौरान बड़ी संख्या में युवक वहां पहुंच गए और तीनों को घेर लिया.

भीड़ ने जय भीम के नारे लगाते हुए सचिन के साथ मारपीट शुरू कर दी. आरोप है कि हमलावर सचिन को खींचकर अंबेडकर पार्क के अंदर ले गए. यहां उनसे वाल्मीकि समाज और डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में नारे लगवाए गए. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावर वहां से फरार हो गए.

लालबागचा राजा के दरबार में पहुंचे अनंत अंबानी

मुंबई (एजेंसी)। अंबानी परिवार की धार्मिक आस्था किसी से छिपी नहीं है। परिवार के हर सदस्य को अलग-अलग मौकों पर पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेते देखा जाता है। खासतौर पर गणेश उत्सव के दौरान अंबानी परिवार की भक्ति और भव्य आयोजन चर्चा में रहते हैं। अनंत अंबानी भी भगवान गणेश के प्रति अपनी आस्था को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। इस साल भी उन्होंने पत्नी राधिका मर्चेंट और परिवार के साथ गणपति बप्पा का स्वागत किया और पूरे उत्साह के साथ उत्सव मनाया। अब गणपति विसर्जन के बाद अनंत एक बार फिर बप्पा के दरबार में पहुंचे हैं।

मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा के दर्शन के लिए अनंत अंबानी हाल ही में पहुंचे। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच गणपति पंडाल की ओर जाते हुए देखा जा सकता है। अनंत अपने काफिले के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने लाल रंग का कुर्ता पहना हुआ था। दर्शन के दौरान अनंत अंबानी ने बप्पा के चरणों में शीश झुकाया और आशीर्वाद लिया। उनकी भक्ति का यह अंदाज कैमरे में कैद हो गया, जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। वीडियो देखने के बाद कई लोग अनंत की धार्मिक आस्था और उनके संस्कारों की तारीफ करते नजर आए।

अनंत अंबानी हर साल गणेश चतुर्थी के मौके पर खास उत्साह के साथ बप्पा का स्वागत करते हैं। इस बार भी अंबानी परिवार ने घर पर भव्य गणपति उत्सव मनाया। अनंत और राधिका मर्चेंट के साथ परिवार के दूसरे सदस्य भी पूजा और सेलिब्रेशन में शामिल हुए। दो दिन तक चले उत्सव के बाद परिवार के सदस्य नाचते-गाते हुए गणपति विसर्जन के लिए पहुंचे थे। इस दौरान अनंत अंबानी का उत्साह भी देखने लायक था। गणपति बप्पा की विदाई के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आए थे। अब विसर्जन के बाद एक बार फिर अनंत को लालबागचा राजा के दर्शन करते देखकर उनकी बप्पा के प्रति आस्था की चर्चा हो रही है।

अनंत अंबानी का लालबागचा राजा से जुड़ाव सिर्फ आस्था तक सीमित नहीं है। साल 2024 में लालबागचा राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल की ओर से उन्हें बोर्ड का मानद सलाहकार सदस्य नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई थी। इसके बाद से अनंत इस मंडल से जुड़े हुए हैं। बताया जाता है कि अनंत हर साल लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचते हैं। पिछले साल भी उन्होंने अकेले यहां पहुंचकर बप्पा का आशीर्वाद लिया था। हालांकि अंबानी परिवार के दूसरे सदस्य भी अपनी सुविधा के अनुसार लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचते रहते हैं।

पृथ्वी शॉ और आकृति अग्रवाल की 6 महीने में टूटी सगाई

मुंबई (एजेंसी)। पृथ्वी शॉ ने 8 मार्च 2026 को आकृति अग्रवाल से सगाई की थी। कपल ने 27 अगस्त 2025 को गणेश चतुर्थी के मौके पर अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था। अब सगाई के 6 महीने बाद आकृति अग्रवाल ने घोषणा की है कि उन्होंने और भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है, जिसकी वजह भविष्य के लिए अलग-अलग लक्ष्य और परिस्थितियां हैं। इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट में एक्ट्रेस आकृति ने कहा कि वे आज भी एक-दूसरे की परवाह करते हैं, लेकिन अब उन्होंने मान लिया है कि दोनों की राहें अलग हैं। उन्होंने सभी से उनकी प्राइवेसी का सम्मान करने की भी अपील की।

पृथ्वी शॉ और आकृति अग्रवाल की टूटी सगाई

इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर करते हुए आकृति अग्रवाल ने कहा कि यह फैसला आपसी सहमति से लिया गया, क्योंकि उन्हें एहसास हुआ कि भविष्य के लिए उनके लक्ष्य और परिस्थितियां अलग-अलग हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक-दूसरे के प्रति प्यार और परवाह के बावजूद उन्होंने यह स्वीकार कर लिया है कि अब उनकी राहें एक साथ नहीं हैं। कुछ महीने पहले उन्होंने अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था, लेकिन अब उनकी सगाई टूट गई है।

पृथ्वी शॉ की एक्स मंगेतर आकृति अग्रवाल का ब्रेकअप पोस्ट

आकृति अग्रवाल ने लिखा, 'भारी मन से मैं यह बताना चाहती हूं कि मैंने और मेरे मंगेतर ने भविष्य के लिए अलग-अलग लक्ष्यों और परिस्थितियों के कारण अलग होने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा कि उनकी जिम्मेदारियों और मौजूदा हालात की वजह से उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का निर्णय लिया। आकृति अग्रवाल ने आगे बढ़ने के लिए दोनों के लिए शुभकामनाएं, शांति और खुशी की कामना की और लोगों से आग्रह किया कि वे इस मुश्किल समय में उनकी प्राइवेसी का सम्मान करें। उन्होंने खास तौर पर लोगों से कहा कि वे उनके इस फैसले के कारणों के बारे में कोई अटकलें न लगाएं या कोई धारणा न बनाएं।

आकृति अग्रवाल ने की प्राइवेसी की अपील

पृथ्वी शॉ और आकृति अग्रवाल ने मार्च 2026 में अपनी सगाई की घोषणा की थी और भारतीय क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर सगाई समारोह की तस्वीरें शेयर की थीं। बाद में जुलाई में आकृति अग्रवाल के कुछ सोशल मीडिया पोस्ट के कारण उनके रिश्ते पर लोगों का ध्यान गया, जिससे उनके रिश्ते को लेकर अटकलें शुरू हो गईं।

तमन्ना के बाद किसे डेट कर रहे हैं विजय वर्मा?

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्टर विजय वर्मा इन दिनों अपनी फिल्मों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में हैं। तमन्ना भाटिया से रिश्ता खत्म होने के बाद अब उनका नाम एक नई एक्ट्रेस और सिंगर के साथ जोड़ा जा रहा है। हाल ही में मुंबई में 'लस्ट स्टोरीज 3' की स्क्रीनिंग के दौरान विजय वर्मा को आलिया कुरैशी के साथ स्पॉट किया गया। दोनों एक ही इवेंट में साथ नजर आए, जिसके बाद एक बार फिर उनके डेटिंग की खबरों ने जोर पकड़ लिया है। हालांकि, विजय या आलिया में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

मुंबई में 'लस्ट स्टोरीज 3' की स्क्रीनिंग के दौरान विजय वर्मा और आलिया कुरैशी की मौजूदगी ने पैपराजी और सोशल मीडिया का ध्यान खींचा। दोनों को इवेंट में साथ देखा गया। यह पहली बार नहीं है जब विजय और आलिया की साथ में तस्वीरें या वीडियो सामने आए हैं। इससे पहले भी दोनों को मुंबई में एक साथ स्पॉट किया जा चुका है। हालांकि दोनों की तरफ से रिश्ते को लेकर किसी तरह की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार साथ नजर आने के बाद सोशल मीडिया पर उनके रिलेशनशिप को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

ऐसे में फैंस यह जानने में दिलचस्पी ले रहे हैं कि आखिर आलिया कुरैशी कौन हैं और विजय वर्मा के साथ उनका क्या कनेक्शन है।

आलिया कुरैशी मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रही हैं। सोशल मीडिया पर वह 'झल्ली' नाम से भी जानी जाती हैं। वह एक सिंगर, गीतकार और एक्ट्रेस हैं। संगीत के साथ एक्टिंग की दुनिया में भी उन्होंने काम किया है और पिछले कुछ सालों में उन्हें कई चर्चित प्रोजेक्ट्स में देखा गया है। आलिया ने बॉलीवुड में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' से डेब्यू किया था। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उन्होंने आजाद की टीम की सदस्य जानवी का किरदार निभाया था।

'राइज एंड फॉल 2' का ट्रेलर आउट

मुंबई (एजेंसी)। टीवी और ओटीटी पर इन दिनों रियलिटी शोज का दौर चल रहा है। 'द अलायंस', 'लॉक अप' और 'बिग बॉस 20' के बीच अब एक और चर्चित रियलिटी शो दर्शकों के बीच वापसी करने जा रहा है। हम बात कर रहे हैं 'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन की, जिसका प्रीमियर 26 सितंबर 2026 को होने वाला है। पहले सीजन के बाद अब शो का नया सीजन पहले से ज्यादा दिलचस्प नजर आ रहा है, क्योंकि इस बार होस्टिंग की जिम्मेदारी पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग संभालेंगे। वहीं, मेकर्स ने ट्रेलर जारी करते हुए शो के चार कंटेस्टेंट्स के नाम भी सामने ला दिए हैं।

ट्रेलर में दिखी चार कंटेस्टेंट्स की झलक

'राइज एंड फॉल 2' के मेकर्स ने गुरुवार को शो का ट्रेलर रिलीज किया। इसी के साथ उन्होंने उन चार चेहरों से पर्दा उठा दिया, जो इस सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर नजर आने वाले हैं। इनमें बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर, राजनेता शहजाद पूनावाला, टीवी एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी और अभिनेता करण पटेल शामिल हैं। चारों की अपनी अलग पहचान है और रियलिटी शो में इनके आने से दर्शकों को मनोरंजन के साथ अलग-अलग व्यक्तित्व देखने को मिलेंगे। चारों नामों में प्रियंका चाहर चौधरी की एंट्री ने सोशल मीडिया पर खास हलचल पैदा कर दी है। प्रियंका इससे पहले 'बिग बॉस 16' में नजर आई थीं, जहां उनके गेम और बेबाक अंदाज ने काफी चर्चा बटोरी थी।

सेहत

जानिए क्या सच में किसी काम आती है अकल दाढ़ और कब इसे निकालना बेहतर है?

अकल दाढ़ हमारे जबड़े के सबसे पीछे निकलने वाले 4 दांत को कहा जाता है, जिन्हें मेडिकल भाषा में 'थर्ड मोलर्स' भी कहते हैं। आमतौर पर ये 17 से 25 साल की उम्र में निकलते हैं। इस दांत का इस्तेमाल सखत खाने को चबाकर खाने के लिए किया जाता है। लेकिन वक्त के साथ इंसानों के खान-पान में बदलाव आया। पका हुआ और नरम भोजन खाने से हमारे जबड़े का आकार छोटा होता चला गया। आज के समय में अकल दाढ़ हमारे शरीर के लिए एक 'अवशेषी अंग' बन चुकी है, यानी इसके बिना भी हमारे चबाने या पाचन की प्रक्रिया पर कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन सवाल ये है कि इसका काम क्या है और इसे कब निकलवाना चाहिए। डॉ. रितिका मल्होत्रा, एचओडी-डेंटल साइंसेज, एफएमआरआई, गुड़गांव बता रही हैं कब निकलवाना चाहिए अकल दाढ़।

क्या कहते हैं डॉक्टर

हर अकल दाढ़ को निकलवाना जरूरी नहीं होता। यदि दाढ़ पूरी तरह सीधी निकली हो, उसके आसपास जबड़े में पर्याप्त जगह हो, वह आसानी से साफ हो रही हो और उसमें कैविटी या मसूड़ों से जुड़ी कोई



समस्या न हो, तो उसे निकलवाने की जरूरत नहीं। ऐसी दाढ़ लंबे समय तक स्वस्थ रह सकती है।

कब होती है समस्या

समस्या आमतौर पर तब होती है, जब जबड़े में पर्याप्त जगह न होने के कारण अकल दाढ़ आधी निकले, टेढ़ी निकले या हड्डी अथवा मसूड़े में फंसी रह जाए। ऐसी स्थिति में दाढ़ के आसपास भोजन फंस सकता है, जिससे बार-बार मसूड़ों में सूजन और दर्द हो सकता है। इसके अलावा कैविटी, मुंह खोलने में परेशानी, बदबू, आस पास के दाढ़ को नुकसान और कभी-कभी सिस्ट जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। यदि अकल दाढ़ में बार-बार दर्द या संक्रमण हो रहा हो, उसमें गंभीर कैविटी हो, वह पड़ोसी दांत को नुकसान पहुंचा रही हो या उसकी स्थिति ऐसी हो कि भविष्य में समस्या होने की आशंका अधिक हो, तो उसे निकलवाना बेहतर ऑप्शन हो सकता है।

हालांकि, केवल इस आशंका के आधार पर कि अकल दाढ़ आगे चलकर समस्या पैदा कर सकती है, हर व्यक्ति में उसे पहले से निकलवाना उचित नहीं है। दाढ़ की स्थिति डेंटल जांच और जरूरत पड़ने पर OPG एक्स-रे के आधार पर किया जाना चाहिए। समय-समय पर डेंटल चेक-अप करवाकर इसकी स्थिति पर नजर रखना सबसे बेहतर तरीका है।

लाल या सफेद शकरकंद, कौन सी सेहत के लिए है ज्यादा फायदेमंद

शकरकंद का सर्दियों में खूब सेवन किया जाता है। ये सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इस मौसम में बाजार में दो तरह के शकरकंद मिलते हैं। एक लाल या नारंगी और दूसरा सफेद। इनके रंग के आधार पर इनके पोषक तत्वों में कुछ अंतर होते हैं। लेकिन लोगों के मन में अक्सर ये सवाल रहता है कि लाल और सफेद शकरकंद में से कौन सा सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि सफेद और लाल शकरकंद में से कौन सा सेहत के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है। चलिए जानते हैं।

लाल या नारंगी शकरकंद

लाल या नारंगी शकरकंद यह बाजार में सबसे ज्यादा मिलता है और इसका गूदा हल्का नारंगी या गहरा लाल होता है।

विटामिन-A का खजानाः इसमें बीटा-कैरोटीन बहुत अधिक मात्रा में होता है, जो शरीर में जाकर विटामिन-ए में बदल जाता है। यह आंखों की रोशनी और इम्यूनिटी के लिए बहुत जरूरी है।

एंटीऑक्सीडेंट्सः इसके गहरे रंग का कारण इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स हैं, जो कैंसर जैसी बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं।

मिठासः यह सफेद शकरकंद की तुलना में अधिक मीठा और पकने के बाद नरम होता है।

सफेद शकरकंद

इसका छिलका हल्का भूरा या सफेद होता है और अंदर से यह पूरी तरह सफेद होता है।

कम ग्लाइसेमिक इंडेक्सः सफेद शकरकंद का ग्लाइसेमिक इंडेक्स लाल वाले की तुलना में कम होता है। इसका मतलब है कि इसे खाने से ब्लड शुगर उतनी तेजी से नहीं बढ़ता, इसलिए यह डायबिटीज के मरीजों के लिए एक बेहतर विकल्प है।

फाइबर और स्टार्चः इसमें 'रेजिस्टेंट स्टार्च' की मात्रा अधिक होती है, जो आपके पेट के अच्छे बैक्टीरिया के लिए भोजन का काम करता है और पाचन को सुधारता है।

पोटैशियमः इसमें लाल शकरकंद की तुलना में पोटैशियम की मात्रा थोड़ी अधिक हो सकती है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करता है।

(एजेंसी)

आपके पैरों में छिपा है बीमारियों का राज

आपके शरीर के अंग आंख, दिमाग, कान, थायराइड, पेट, दिल-फेफड़ें, पैंक्रियाज़, हड्डियां-किडनी, आंत सबका कनेक्शन आपके पैरों के तलवों से ही जुड़ा है। यानि तलवों में अलग अलग ऑर्गन के एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स हैं। तलवों में एक दर्द और होता है जिसे प्लांटर फेशिआइटिस कहा जाता है। ये पैर के निचले हिस्से में कुशन वाला मोटा रबर बैंड जैसा लचीला स्ट्रक्चर होता है। जो चलते-दौड़ते वक्त शरीर के प्रेशर को झेलकर शॉक एब्जॉर्बर की तरह काम करता है और जब इसमें तनाव बढ़ जाता है या सूजन आ जाती है। तलवों में-एड़ियों में बेइंतहा दर्द महसूस होता है।

प्लांटर फेशिआइटिस दर्द

ये तनाव-सूजन आने की वजह बनते हैं। हाई यूरिक एसिड-डायबिटीज़ हाइपोथायराइड और मोटापा या किसी तरह का फ्रैक्चर फ्लैट फुट वालों को भी ये दर्द परेशान करता है। इसके अलावा कई बार देर तक एक ही पोज़ीशन में बैठे रहने या पैर लटकाने से वो सुन्न भी हो जाते हैं।

इसकी वजह नर्व्स की कमज़ोरी हो सकती है। जिसकी वजह से शरीर के जिस हिस्से में ब्लड सप्लाई कम हो जाती है वो सुन्न पड़ जाता है। लेकिन बार बार अगर ऐसा हो रहा है तो ये बॉडी में आयरन डेफिशियेंसी का भी सिग्नल हो सकता है। ऐसे में शरीर में होने वाले 100 तरह के दर्द को दूर करने के लिए आयुर्वेद और योग का सहारा ले सकते हैं। इससे आपके शरीर के दर्द कम हो जाते हैं। स्वामी रामदेव से जानिए पैरों के दर्द को दूर करने के क्या उपाय हैं?

लाइफस्टाइल से होने वाली बीमारियां

करीब 35% भारतीयों को लाइफस्टाइल के रोग परेशान कर रहे हैं। जिसमें हर 10 में से 1 एडल्ट को हाइपो-थायराड है। 3 में से 1 शुगर पेशेंट को थायराइड की समस्या है। 23% भारतीय मोटापे के शिकार हैं और 40% लोगों के पेट पर एक्सेस फैट जमा है। खराब हो रही लाइफस्टाइल से लोगों में बीपी-शुगर, हाई कोलेस्ट्रॉल, ओबेसिटी, थायराइड, लंग्स प्रॉब्लम, इनसोम्निया, आर्थराइटिस और डेफिशियेंसी से जुड़ी समस्याएं हो रही हैं। **(एजेंसी)**

साइलेंट किलर हो सकते हैं ब्लड प्रेशर और आर्टरीज से जुड़े ये बदलाव, महिलाएं भूलकर भी न करें इग्नोर

हाई ब्लड प्रेशर और धमनियों का सख्त होना एक ऐसा "साइलेंट किलर" है, जो शरीर के अंदर बिना किसी बड़े लक्षण के सालों तक पनपता रहता है। महिलाओं में विशेष रूप से हॉरमोनल बदलावों के कारण यह समस्या ज्यादा गंभीर रूप ले सकती है। मिड लाइफ यानी 30 से 40 की उम्र के बीच का समय, महिलाओं के हार्ट हेल्थ के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। अक्सर इस उम्र में महिलाओं में ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और बढ़ते वजन जैसी समस्याएं होती है। इस उम्र में ही लक्षण भी दिखाई देते हैं। लेकिन हार्ट और ब्लड वेसल्स में होने वाले कुछ बदलाव इससे काफी पहले शुरू हो सकते हैं और लंबे समय तक बिना किसी लक्षण के रह सकते हैं। ऐसे में डॉक्टर जगदीप यादव निदेशक-कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल मानेसा बता रहे हैं कि महिलाओं में क्यों होती है ये समस्या।

क्या कहते हैं डॉक्टर



उम्र बढ़ने के साथ हमारी आर्टरी धीरे-धीरे अपनी लचक खोने लगती हैं। इसे आर्टरी स्टिफनेस या धमनियों का कठोर होना कहा जाता है। जब आर्टरी कम लचीली होती हैं, तो हार्ट द्वारा पंप किए गए ब्लड के दबाव को संभालना उनके लिए मुश्किल हो सकता है। इसका असर पल्स प्रेशर पर भी पड़ सकता है। पल्स प्रेशर, सिस्टोलिक और डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर के बीच का अंतर होता है। इसलिए केवल यह देखना पर्याप्त नहीं है कि किसी व्यक्ति का ब्लड प्रेशर सामान्य है या नहीं, बल्कि समय के साथ उसमें होने वाले बदलावों को समझना भी जरूरी है।

महिलाओं में मिडलाइफ के दौरान होने वाले हार्मोनल बदलाव भी हार्ट और ब्लड वेसल्स के हेल्थ को प्रभावित कर सकते हैं। खासकर पेरिमेनोपॉज और मेनोपॉज के आसपास वजन बढ़ना, नींद में बदलाव, तनाव, शारीरिक गतिविधि में कमी और मेटाबॉलिक बदलाव जैसे कई कारक एक साथ सामने आ सकते हैं। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि हर महिला में हार्ट से जुड़ा जोखिम एक ही उम्र या एक ही तरीके से बढ़ता है।

डॉक्टर की महिलाओं को सलाह

एक कार्डियोलॉजिस्ट के तौर पर मैं महिलाओं को सलाह दूंगा कि वे अपने 30s और 40s में ही नियमित स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता दें।

ब्लड प्रेशर के साथ-साथ कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, वजन, कमर, शारीरिक गतिविधि और इस बात का खास ध्यान रखें कि अगर परिवार में किसी को हार्ट से जुड़ी बीमारी है तो चेकअप जरूर करवाएं। यदि ब्लड प्रेशर लगातार बढ़ रहा है या उसमें कोई पैटर्न बदल रहा है, तो इसे केवल उम्र या तनाव का असर मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हार्ट हेल्थ की देखभाल लक्षण आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले शुरू होनी चाहिए। संतुलित आहार, नियमित एक्सरसाइज, पर्याप्त नींद, स्ट्रेस को कंट्रोल करना और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच जैसी छोटी आदतें हार्ट से जुड़े खतरे को कम करती है।

संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक
दैनन्दिनी.

शुक्रवार 18 सितंबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

रास्ता मांगने पर गाली-गलौज कर पीटा

महासमुंद। सरायपाली पुलिस ने रास्ते को लेकर हुए विवाद में मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार माधोपाली कुटेला निवासी गोपीकिशन बरिहा 14 सितंबर की रात करीब 9 बजे अपने दोस्त संदीप यादव के साथ बाइक से सरायपाली से माधोपाली लौट रहा था। ग्राम माधोपाली के डीपापारा में सड़क किनारे कन्हैया दास मानिकपुरी और हेमशंकर मानिकपुरी विवाद कर रहे थे। गोपीकिशन ने दोनों से रास्ता देने के लिए कहा। आरोप है कि इस पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने कन्हैया दास मानिकपुरी और हेमशंकर मानिकपुरी के खिलाफ धारा 115(2), 296 व 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

दिशा समिति की बैठक 18 को

गरियाबंद। जिला पंचायत के सभाकक्ष गरियाबंद में 18 सितंबर 2026 को प्रातः 11:30 बजे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता लोकसभा क्षेत्र महासमुंद की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी द्वारा की जाएगी।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं एवं कार्यों की पूर्ण जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहेंगे।

परिचयात्मक बैठक 19 को

कोरबा। कोरबा जिले में कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में संचालित ''माय भारत युवा कार्यक्रम'' तथा मतदाता जागरूकता अभियान इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब के जन-जागरुकता अभियान को गति देने के लिए शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के विविध क्षेत्र-सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर, कंटेंट क्रिएटर्स, यूट्यूबर्स के रूप में कार्य कर रहे युवाओं, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को ''माय भारत युवा कार्यक्रम'' तथा ''इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब'' के लिए जन-चेतना जगाने के अभियान से जोड़ने के लिए जिला नोडल अधिकारी के द्वारा विशेष पहल की जा रही हैं। इस कड़ी में कोरबा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में सक्रिय युवाओं, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर, क्रिएटर्स, यूट्यूबर्स को माय भारत युवा कार्यक्रम तथा मतदाता जागरूकता अभियान इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब से जोड़ने के लिए 19 सितंबर को दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर, क्रिएटर्स, यूट्यूबर्स युवाओं की जिला स्तरीय परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई है।

अस्थायी पटाखा दुकान के लायसेंस हेतु आवेदन 5 तक

बिलासपुर। दीपावली पर्व वर्ष 2026 के अवसर पर अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए नवीन लायसेंस जारी करने तथा पूर्व से जारी लायसेंसो के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर 2026 तक है।

विश्वकर्मा जयंती पर राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन में मुख्यमंत्री ने श्रमिक हित में की तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं

श्रमवीरों के परिश्रम और पसीने से हो रहा समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण : सीएम साय

रायपुर ■ दैनन्दिनी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के श्रमवीर अपने परिश्रम, पुरुषार्थ और पसीने से समृद्ध एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की नई इबारत लिख रहे हैं। गांवों के खेत-खलिहानों से लेकर शहरों की ऊंची इमारतों तक, सड़कों और पुलों से लेकर सिंचाई परियोजनाओं, उद्योगों और अधोसंरचना के निर्माण तक प्रदेश की प्रगति की हर तस्वीर में हमारे श्रमिक भाई-बहनों की मेहनत समाहित है। छत्तीसगढ़ ने अपने गठन के 25 वर्षों में विकास के जो नए प्रतिमान स्थापित किए हैं, उनके पीछे हमारे मेहनतकश हाथों का बड़ा योगदान है। यही हाथ आने वाले वर्षों में विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को भी साकार करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेशभर से आए हजारों श्रमिक भाई-बहनों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और भगवान विश्वकर्मा से छत्तीसगढ़ की सुख, शांति, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण और सृजन के आराध्य हैं। वे हमें श्रम के सम्मान और अपने हुनर पर गर्व करने की प्रेरणा देते हैं। सही मायनों में हमारे श्रमिक भाई-बहन ही विकसित छत्तीसगढ़ के विश्वकर्मा हैं। राज्य सरकार श्रमिकों के परिश्रम का सम्मान करने के साथ उनके जीवन में सुरक्षा, सुविधा और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की सोच स्पष्ट है कि विकास का लाभ उस श्रमिक तक भी पहुंचे, जिसके श्रम से विकास की नींव तैयार होती है। श्रमिक को उसके परिश्रम का पूरा सम्मान मिले, उसे सामाजिक सुरक्षा का भरोसा मिले, परिवार आर्थिक रूप से सशक्त बने और उसके बच्चों को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें - इसी उद्देश्य के साथ सरकार श्रमिक कल्याण की योजनाओं को लगातार विस्तार दे रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन में श्रमिक भाई-बहनों की सुविधा, आवागमन और स्वरोजगार को ध्यान में रखते हुए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने शहरों में रोजगार की तलाश में विभिन्न स्थानों पर एकत्र होने वाले श्रमिकों के लिए सर्वसुविधायुक्त आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। इन केंद्रों में श्रमिकों के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे काम की तलाश में शहर आने वाले श्रमिकों को सम्मानजनक और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने पंजीकृत श्रमिकों के आवागमन को सुगम बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से ई-बाइक सहायता योजना प्रारंभ करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि काम के लिए प्रतिदिन लंबी दूरी तय करने वाले श्रमिकों के लिए आवागमन की सुविधा सीधे तौर पर उनकी आजीविका और जीवन की सहजता से जुड़ी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने असंगठित क्षेत्र के रिक्शा चालकों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए दी जाने वाली सहायता राशि को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे परंपरागत रिक्शा चालकों को आधुनिक साधन अपनाने, अपनी आय बढ़ाने और स्वरोजगार को अधिक मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि श्रमिकों और उनके परिवारों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव लाना है। श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महिलाओं को आत्मनिर्भरता और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराकर एक सशक्त श्रमिक परिवार का निर्माण करना सरकार की प्राथमिकता है।

'1.43 लाख से अधिक श्रमिकों को 51.32 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात'

महासम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रम विभाग के विभिन्न मंडलों द्वारा संचालित 26 योजनाओं के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से 1 लाख 43 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खातों में 51 करोड़ 32 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि अंतरित की। उन्होंने विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के हितग्राहियों को सहायता राशि एवं सामग्री का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में श्रम विभाग के तीन मंडलों के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों के लिए 67 प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा से लेकर उनके बच्चों की शिक्षा, विवाह सहायता और आर्थिक सशक्तीकरण तक जीवन के विभिन्न चरणों में ये योजनाएं श्रमिक परिवारों का संबल बन रही हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के माध्यम से एक हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि श्रमिकों तक पहुंचाई गई है। उन्होंने प्रदेश के सभी पात्र श्रमिकों से श्रम विभाग में अपना पंजीयन कराने और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

'श्रमेव जयते' के मूलमंत्र के साथ श्रमिक परिवारों के बच्चों के सपनों को नई उड़ान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'श्रमेव जयते' के मूलमंत्र को साकार करते हुए राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि संसाधनों की कमी किसी श्रमिक परिवार के प्रतिभावान बच्चे के सपनों की राह में बाधा न बने। श्रमिक का बच्चा भी देश के श्रेष्ठ विद्यालय में पढ़े, उच्च शिक्षा प्राप्त करे और अपनी प्रतिभा के बल पर जीवन में ऊंची उड़ान भरे - सरकार इसी संकल्प के साथ काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत श्रमिक परिवारों के प्रतिभावान बच्चों को प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के पहले वर्ष 100 बच्चों को इसका लाभ दिया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 200 बच्चों तक कर दिया गया है। इन विद्यार्थियों की शिक्षा का पूरा खर्च श्रम विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले श्रमिक परिवारों के बच्चों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आगे बढ़ने में भी सरकार सहयोग कर रही है।

'मनिंदर की सफलता बनी श्रमिक परिवारों के बच्चों के सपनों की मिसाल'

महासम्मेलन में एक प्रेरक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रमिक परिवार की प्रतिभाशाली बेटी मनिंदर कौर को लैपटॉप और एक लाख 75 हजार रुपए का चेक प्रदान किया।

मनिंदर ने अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम के बल पर जेईई परीक्षा उत्तीर्ण कर एनआईटी सूरत में प्रवेश सुनिश्चित किया है। उनकी इंजीनियरिंग की पढ़ाई का पूरा खर्च अब श्रम विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने मनिंदर को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता केवल एक बेटी की उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए प्रेरणा है। आर्थिक परिस्थितियां प्रतिभा की उड़ान को सीमित न करें, इसके लिए सरकार हर संभव सहयोग करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए दिन-रात परिश्रम करते हैं।

आधार प्रमाणीकरण एवं सत्यापन विषय पर एक-दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ शासन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आज गुरुवार को 'आधार प्रमाणीकरण एवं सत्यापन' विषय पर एक-दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य शासन के अधिकारियों-कर्मचारियों को आधार प्रमाणीकरण एवं सत्यापन की तकनीकी प्रक्रियाओं, ऑफलाइन सत्यापन, फेस ऑथेंटिकेशन तथा आधार सेवाओं के सुरक्षित उपयोग से संबंधित व्यावहारिक जानकारी

प्रदान करना था। कार्यशाला की मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले रहीं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सही हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए आधार प्रमाणीकरण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

एक साथ जले 10 लाख दीप, आशीर्वाद का दीया से रोशन हुआ बिलासपुर

बिलासपुर, (दैनंदिनी ब्यूरो)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत आज बिलासपुर जिले में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। यहां एक साथ 1 लाख 25 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। लगभग शाम 7 बजे जिलेभर में एक साथ लगभग 10 लाख दीप प्रज्वलित किए गए। शहर से लेकर गांवों तक दीपों की रोशनी से

बिलासपुर जगमगा उठा। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने उत्साह के साथ दीप प्रज्जवलित कर आशीर्वाद का दीया अभियान में सहभागिता निभाई। सेवा, समर्पण, सुशासन और जनभागीदारी की भावना से आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया। दीपों की रोशनी से पुलिस परेड ग्राउंड का पूरा परिसर जगमगा उठा।

कार्यक्रम में बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, नगर निगम महापौर श्रीमती पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सवन्नी, नगर निगम सभापति श्री विनोद सोनी, संभागायुक्त श्री सुनील जैन, सीसीएफ श्री मनोज पांडे, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, एसएसपी श्री रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री चंद्रप्रकाश वाजपेयी, श्री दीपक सिंह, श्रीमती हर्षिता पाण्डेय, श्री किशोर राय, श्रीमती वाणी राव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होकर दीप प्रज्जवलित किये।

ज्योति से ज्योति जलाते चलो : सेवा संकल्प और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष

रायपुर ■ दैनन्दिनी

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ज्योति से ज्योति जलाने की भावना को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। डॉ नीलाजना जैन ने बताया की अभियान का उद्देश्य केवल उपलब्धियों को याद करना नहीं बल्कि उनसे प्रेरणा लेकर भविष्य के भारत के निमणि में अपना योगदान देना। इस अवसर पर विद्यार्थियों और ग्रामवासियों ने दीपक जलाकर सेवा सदभाव, एकता और राष्ट्र निर्माण को सुद्धढ करने का संकल्प लिया।

विगत वर्षों में देश ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए विकास, विज्ञान, तकनीक स्वास्थ्य शिक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इन 25 वर्षो की यात्रा में कोरोना महामारी एक ऐसी चुनौती रही, जिसने पूरे विश्व को प्रभावित किया महामारी के कठिन दौर में देशवासियों ने धैर्य, अनुशासन और एकजुटता का परिचय दिया। स्वास्थ्यकर्मियों, वैज्ञानिकों सुरक्षाकर्मियों सामाजिक संगठनों और असंख्य सेवाभावी लोगों ने मिलकर इस संकट का सामना किया। कोरोना के विरुद्ध

वैक्सीन विकसित करने और बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान चलाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

पिछले 25 वर्षों की यात्रा ने सेवा से लेकर आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास तक प्रशस्त किया है। आज भारत आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के साथ आगे बढ़ रहा है।

सेवा संकल्प अभियान का संदेश है कि राष्ट्र ही प्रगति केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक के योगदान और सहभागिता से संभव है । कार्यक्रम में शाला विकास समीति के अध्यक्ष श्री संजय यादव पूर्व अध्यक्ष रानू धनकर ,पूर्व पार्षद भूपेन्द्र बेलचंदन, पार्षद परमेश्वर, राहुल संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शशिकला वर्मा, उषाकिरण कौशिक , ज्योति वर्मा, अमृता यादव, अनिता ठाकुर संतज्ञानेश्वर मरकाम , तृप्ति भारती ,रेखा साहू , आकाश बंजारे, धनेश यादव ,तक्षक बरेठ वीणा बछोर , महेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान: वार्ड 10 डुमरिहा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने दिया सेवा का संदेश

गौरेला (दैनंदिनी ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद रोशनी तापस शर्मा के द्वारा ग्राम डुमरिहा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, एल्डरमैन ठा. रामप्रकाश सिंह, जिला मंत्री गंगोत्री राठौर, वरिष्ठ पार्षद अरुणा चक्रधारी, अल्पसंख्यक मोर्चा नेता कुलदीप सिंह धीरज, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सचिन जैन, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास, दीपक शर्मा और सेमरा सरपंच तूफान सिंह की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे ने कहा –

नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है। प्रधानमंत्री मोदी जी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की सेवा यात्रा हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। इस तरह के

स्वास्थ्य शिविरों से गरीब और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलता है। नगर पालिका परिषद आगे भी हर वार्ड में स्वास्थ्य और जनकल्याण के कार्यक्रम आयोजित करेगी!

उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने कहा –

अपने संबोधन में उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक छोटा सा प्रयास है।

उन्होंने कहा कि वार्ड के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे, इसी उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है। आगे भी वार्ड में इस प्रकार के जनसेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

शिविर में सैकड़ों ग्रामवासियों ने स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर, शुगर जांच, चिकित्सकीय परामर्श और निःशुल्क दवा वितरण का लाभ लिया। शिविर को सफल बनाने में डॉ. रजनीश, डॉ. निशिकांत श्रीवास्तव, डॉ. पवन सिंह, डॉ. योगेंद्र खरे सहित स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

:- संपादकीय :-

प्राकृतिक तकाजों को नजरअंदाज

नेपाल की त्रासदी का संदेश है कि प्राकृतिक तकाजों को नजरअंदाज करने का समय बीत चुका है। विकास के नाम पर पर्यावरणीय सुरक्षा की बलि देना जारी रहा, तो ऐसी घटनाओं से बचना संभव नहीं रह जाएगा।ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं, यह चर्चा दशकों पुरानी हो चुकी है। इसके क्या घातक परिणाम होंगे, इसको लेकर वैज्ञानिक चेतावनियां भी आम चर्चा में रही हैं। कई दिन की जांच-पड़ताल के बाद अब यह साफ है कि नेपाल में 26 अगस्त को जो हुआ, वह उन चेतावनियों का ही साकार रूप लेना था। इसीलिए उस रोज हुई ग्लेशियर टूटने की घटना को महज प्राकृतिक आपदा के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। स्पष्टतः यह हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र पर जलवायु परिवर्तन के हुए प्रभाव का परिणाम है। इसलिए यह एक गंभीर चेतावनी है। इसे ध्यान में रखना चाहिए कि ग्लेशियल झील के फटने से आने वाली बाढ़ जैसी त्रासदियां अनहोनी का हो जाना भर नहीं हैं। बल्कि ये इनसान की अ-दूरदर्शिता का सीधा परिणाम हैं।26 अगस्त को नेपाल-चीन सीमा के पास लांगटांग लिरुंग क्षेत्र में एक विशाल ग्लेशियर अचानक खिसक गया। यह घटना लगभग 5,200 मीटर की ऊंचाई पर हुई। ग्लेशियर टूट कर लगभग 1,200 मीटर नीचे स्थित घाटी में गिरा। उसके प्रभाव से तीव्र घर्षण पैदा हुआ और अत्यधिक बर्फ पिघलकर गारे और चट्टानों के साथ बह निकली। यह घटना बताती है कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हर पल मॉनिटरिंग और उपग्रह आधारित निगरानी की कितनी कमी है। समय पर हिमनद झील के बढ़ते जलस्तर का आकलन कर निचले इलाकों के लिए चेतावनी जारी कर दी जाती, तो जान-माल के नुकसान को सीमित किया जा सकता था। यह भी गौरतलब है कि हिमालय जैसे पारिस्थिकीय नजरिए से नाजुक क्षेत्र में बिना ठोस पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन किए पनबिजली परियोजनाओं, सड़कों, और सुरंगों का अंधाधुंध निर्माण किया जा रहा है। इससे ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने का जोखिम कई गुना बढ़ा है।उधर बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण हिमनद तेजी से पिघलकर खतरनाक झीलों का रूप ले रहे हैं। कुल मिलाकर इस त्रासदी का संदेश है कि प्रकृति के तकाजों को नजरअंदाज करने का समय बीत चुका है। विकास के नाम पर पर्यावरणीय सुरक्षा की बलि देना और जलवायु परिवर्तन संबंधी चेतावनियों को नजरअंदाज करना जारी रहा, तो ऐसी घटनाओं से बचना अब संभव नहीं रह गया है।

डॉलर के विकल्प का सवाल भी उठेगा ब्रिक्स सम्मेलन में

हरिशंकर व्यास

डॉलर पर भरोसे की कमी का यह असर अब खुद अमेरिका के केंद्रीय बैंक द्वारा सोना रखने के मामले में भी दिखने लगा है। सोना महंगा होने की मूल वजह अब सरकारें बन चुकी हैं। डच केंद्रीय बैंक ने इस साल मार्च और अगस्त के बीच उत्तरी अमेरिका से लंदन में लगभग 86 टन सोना ट्रांसफर किया, जिसकी कीमत 10 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा थी। इससे पहले, जनवरी 2026 में फ्रांस ने अमेरिका में रखा अपना 129 टन सोना बेच दिया था, जो उसके कुल भंडार का लगभग 5 प्रतिशत था। बिक्री से मिले पैसे से फ्रांस ने यूरोप में सोना खरीदा और उसे अपने केंद्रीय बैंक के वॉल्ट में जमा कर दिया। यह कदम लगभग 9 साल पहले राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान जर्मनी के बुंडेसबैंक द्वारा उठाए गए उपाय जैसा ही है, जब उसने फ्रैंकफर्ट में अपने वॉल्ट में 300 टन सोना ट्रांसफर किया था।मंगलवार को क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, हालांकि ब्रिक्स किसी भी डी-डॉलरलाइजेशन नीति के पक्ष में नहीं है, लेकिन सदस्य देश, जिनमें से कई प्रतिबंधों के कारण डॉलर में लेन-देन नहीं कर सकते, हम बस वही कर रहे हैं, जो हमारे राष्ट्रीय हितों के लिए बेहतर है। अमेरिकी कदमों ने ही डॉलर पर भरोसे को कम किया है।भारत के नजरिए से यह समस्या काफी पेचीदा है, क्योंकि नई दिल्ली एक तरफ तो रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक बन गई है

दुनिया भर के शेयर बाजार के खिलाड़ियों से लेकर ताकतवर केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों तक, सबकी नजरें ब्रिक्स की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं की बैठक में होने वाले फैसलों पर टिकी हैं। इन अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक व्यापार और वित्तीय लेन-देन में अमेरिकी डॉलर के दबदबे के लिए खतरा माना जाता है।

शाओमी के बिजनेस मॉडल को लेकर चीनी सत्ता के गलियारों में घबराहट ऐसे समय हो रही है, जब शनिवार से दिल्ली में ब्रिक्स शिखर बैठक होने जा रही है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने गुरुवार को कहा कि चीन को उम्मीद है कि भारत वहां निवेश करने और काम करने वाली सभी देशों की कंपनियों के लिए एक निष्पक्ष, न्यायपूर्ण, पारदर्शी और बिना भेदभाव वाला बिजनेस माहौल देगा। गुओ ने साथ में इसकी भी घोषणा की कि राष्ट्रपति शी ब्रिक्स बैठक में नई दिल्ली जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ से उन रिपोर्टों के बारे में पूछा गया था, जिनमें कहा गया था कि भारत के सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस ने शाओमी की जांच की सिफारिश की है। गुओ ने कहा कि उन्हें खास स्थिति के बारे में पता नहीं है।

भारत के सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस (एसएफआईओ) ने चीनी स्मार्टफोन कंपनी शाओमी के बिजनेस मॉडल और विदेशी निवेश नियमों के कथित उल्लंघन की एक विस्तृत जांच की सिफारिश की है। एसएफआईओ यह जांच करना चाहता है कि क्या 2020 की सीमा झड़पों के बाद चीनी निवेश पर कड़े नियमों के बावजूद शाओमी ने अनिवार्य मंजूरियां ली थीं या नहीं। कंपनी पर धन के प्रवाह और रॉयल्टी भुगतान जैसे मामलों में गड़बड़ी का संदेह है। यह प्रस्ताव अभी कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की मंजूरी के लिए लंबित है।कोई सात साल बाद चीनी राष्ट्रपति शी भारत आ रहे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के समिट में शामिल होने पर सस्पेंस बना हुआ था, जो गुरुवार को क्लियर हो गया। चीन के लिए यह समिट इसलिए अहम है, क्योंकि यह ब्रिक्स की 20वीं सालगिरह है और यह ऐसे समय में हो रही है, जब वैश्विक शासन में अव्यवस्था बढ़ रही है।जैसे-जैसे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन नजदीक आ रहा है, दुनिया भर के शेयर बाजार के खिलाड़ियों से लेकर ताकतवर केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों तक, सबकी नजरें इन उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं की बैठक में होने वाले फैसलों पर टिकी हैं। इन अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक व्यापार और वित्तीय लेन-देन में अमेरिकी डॉलर के दबदबे के लिए खतरा माना जाता है।धीमी प्रगति के बावजूद, डी-डॉलरलाइजेशन (डॉलर पर निर्भरता कम करने की प्रक्रिया) चर्चा का विषय बन गई है। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वे बयान हैं, जिनमें उन्होंने ब्रिक्स देशों के समूह को चेतावनी दी थी कि अगर वे वैश्विक व्यापार में डॉलर के दबदबे को खत्म करने की कोशिश करते हैं, तो उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है।मॉस्को, नई दिल्ली या पेइचिंग में बाजार संभालने वाले सभी मंत्रियों और अधिकारियों ने बार-बार जोर देकर कहा है कि ब्रिक्स का कोई भी देश डॉलर के खिलाफ किसी तरह की वैचारिक लड़ाई नहीं लड़ रहा है। लेकिन, यह हाथी के दांत दिखाने जैसा है। डॉलर के एकाधिकार को समाप्त करने की छटपटाहट तो है। यदि ब्रिक्स के देशों में आपसी मतभेद न हों, तो डॉलर का विकल्प कब का तैयार हो जाता।भले ही ब्रिक्स शिखर बैठक में डी-डॉलरलाइजेशन पर खुलकर चर्चा न हो, लेकिन सम्मेलन के दौरान देशों के बीच होने वाली बातचीत में करेंसी स्वैप (मुद्रा की अदला-बदली) और व्यापार ढांचे पर चर्चा होने की पूरी संभावना है। मूल सदस्य देशों–भारत, रूस, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका–के नेताओं के बीच और हाल ही में ब्रिक्स में शामिल हुए कई अन्य देशों, जैसे ईरान, सऊदी अरब, मिस्र, इंडोनेशिया, यूएई और इथियोपिया, के नेताओं के साथ कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बातचीत होने की उम्मीद है।वर्ष 2024 में ब्रिक्स देशों के बीच आपसी व्यापार का मूल्य 1.17 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर आंका गया था। माना जाता है कि यह सालाना औसतन 13 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। दुनिया के कुल निर्यात में ब्रिक्स की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत है। मगर, राष्ट्रीय मुद्राओं में भुगतान निपटाने की दिशा में ब्रिक्स देशों के विभिन्न कदम, जैसे भारत और रूस के बीच रुपया-रूबल समझौता या डॉलर के बजाय युआन में व्यापार करने की चीन की कोशिशें, जितनी कारगर होनी चाहिए थीं, हुई नहीं।साल 2000 में, सभी देशों के कुल विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा डॉलर के रूप में रखा जाता था।

2026 तक यह घटकर लगभग 57 फीसदी रह गया है। अर्थात, टाइगर अभी जिंदा है की तर्ज पर डॉलर अभी जिंदा है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति बनाने वाली टीम के एक सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, यह साफ तौर पर दिखाता है कि कई देशों के केंद्रीय बैंकर डॉलर का भारी भंडार रखने से जुड़े भू-राजनीतिक जोखिमों को बांटने के लिए या तो दूसरी मुद्राएं या फिर सबसे सुरक्षित निवेश, यानी बुलियन (सोना), खरीद रहे हैं।

राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप बिजनेस में अच्छा लाभ कमायेंगे , भौतिक सुख सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। इस राशि के छात्रों का दिन खुशनुमा रहेगा, किसी टेस्ट पेपर में आपको अच्छे अंक प्राप्त होंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप पार्टनरशिप में किसी काम की शुरूआत करेंगे , भविष्य में आप बढि?ा लाभ कमायेंगे। आज आप अटके हुए कार्यों को पूरा करेंगे , जिससे आप अपने अन्य कार्यों को आगे बढ़ा पायें। इस राशि के व्यक्ति आज अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। आज आपके महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे, पॉजिटिव रिजल्ट आने से आपको खुशी मिलेगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज रोजगार की तलाश खत्म होगी , आपको किसी अच्छी कंपनी से ऑफर मिलने की संभावना हैं।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप कारोबार में पैसे के लेन-देन में जल्दबाजी न दिखाएं। आज आप अपने ध्यान को केंद्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा , बच्चे भी आपको खुश होने की वजह देंगे।

सिंह राशि : आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे , किसी वरिष्ठ व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। आज आप जीवनसाथी के लिए उपहार खरीदेंगे साथ ही घर की साज-सजावट के लिए घरेलू उपकरणों से जुड़ी खरीददारी भी कर सकते हैं।

राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज के दिन की शुरूआत आप किसी अच्छी आदत के साथ करेंगे , जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक रहे। आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा , आप पेंटिंग भी कर सकते हैं। आज आपको मेहनत और व्यवहार के कारण वो सब मिलेगा , जिसके आप हकदार हैं। आज आप अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें अन्यथा विरोधी इसका लाभ उठा सकतें हैं।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा , जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रही रहेगी। आज आप अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज आप खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। अगर आप नया वाहन खरीदने की सोच रहें है तो खरीद सकते हैं।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आप मेहनत और लगन से किसी काम को करने में सफल रहेंगें , पेरेंट्स भी गर्व महसूस करेंगे। आज किसी करीबी से आपको खुशखबरी मिलेगी , आपके घर का माहौल भी खुशनुमा बना रहेगा। आज आप जरूरतमंदों की मदद करेंगे , आपको आशीर्वाद की प्राप्ति होगी।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको ट्रांसफर से जुड़ी सूचना प्राप्त हो सकती है , जो आपके काम को आसान बनाएगी। अगर आप किसी नए व्यापार की शुरूआत करना चाह रहें है तो आज शुरूआत कर सकते है। इस राशि के व्यक्तियों को अपने जीवनसाथी से आज बहुत सारा प्यार मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आप कहीं धार्मिक स्थलों पर जाने का मन बना सकते हैं।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपका काफी समय से रुका हुआ काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। साथ ही ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी, आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कार्यस्थल पर थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी , लेकिन किसी सहकर्मी से मदद भी मिल सकती है। साथ ही किसी विदेशी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। जिसे ज्वॉइन करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपका मन रचनात्मक चीजों में अधिक लगेगा , आप बच्चों को ड्राइंग बनाना भी सिखा सकते हैं।

मीन राशि :आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका ध्यान नयी चीजों के प्रति आकर्षित होगा , आपके मन में कुछ बड़ा करने की प्रेरणा होगी।

सू- दोकू क्र.162

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.161का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	5	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5

नजरिया | नीरज कुमार दुबे ।

457 साल बाद दुनिया का नक्शा बदलने की तैयारी



दुनिया का नक्शा बदल रहा है, वह नक्शा, जो 457 साल से इस्तेमाल किया जा रहा है। निश्चित रूप से जिस तेजी से दुनिया बदली, विज्ञान बहुत आगे बढ़ा, हर रोज नई तकनीक आ रही है, अब आसमान से धरती का कोना-कोना निहारना नामुमकिन नहीं। ऐसे में भला इतने पुराने नक्शे को लेकर क्यों न आवाज उठे? नक्शा बदलने से वैश्विक भूभाग नहीं बदलेगा लेकिन जो कुछ खामियां थीं, उन्हें सुधारा जाएगा। यह एक तरह से गलत तरीके से दिखाए गए नक्शे को सही करना और सच सामने लाने जैसा है।

विश्व में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला नक्शा 1569 में बनाया गया मर्केटर मानचित्र है। इसे यूरोप के नक्शा बनाने वाले जेराड्स मर्केटर ने इसलिए बनाया था, ताकि यूरोपीय खोजकत्ताओं को वैश्विक यात्रा के दौरान मदद मिल सके। लेकिन तब से अब तक सिवाय नक्शे के बहुत कुछ बदल चुका है। मर्केटर मानचित्र विशेषकर जहाजरानी, समुद्री नेविगेशन (दिशा और कोण सीधे रखने) के उद्देश्य से बनाया गया था, जिसमें एक खामी थी। नक्शे में भूमध्य रेखा से दूर उत्तर और दक्षिण में मौजूद देश आकार में बहुत बड़े दिखते हैं, जबकि भूमध्य रेखा के पास स्थित देश काफी छोटे दिखते हैं। मर्केटर नक्शे में ग्रीनलैंड और अफ्रीका एक ही आकार के दिखते हैं। जबकि असलियत में अफ्रीका 3.04 करोड़ वर्ग कि.मी. का है और ग्रीनलैंड 22 लाख वर्ग कि.मी. का, यानी अफ्रीका 14 गुना बड़ा है। अफ्रीका महाद्वीप इतना बड़ा है कि इसके भीतर संयुक्त राज्य अमरीका, चीन, भारत, जापान, मैक्सिको और पूरे पश्चिमी यूरोप को समाहित किया जा सकता है।यकीनन नक्शे को और भी शुद्ध या अद्यतन किया जाना जरूरी है, जिसके लिए बाकायदा संयुक्त राष्ट्र महासभा यानी यू.एन.जी.ए. ने मतदान कराया। विभिन्न देशों ने एक ऐसे नए नक्शे को अपनाने के पक्ष में वोट किया, जो धरती के महाद्वीपों का बिल्कुल सही आकार दिखाए। इस मतदान में सिवाय अमरीका के किसी ने भी खिलाफ वोट नहीं किया, जबकि 6 देशों ने भाग नहीं लिया। अमरीका ने इसे एक वैचारिक एजैंडा और जरूरी वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने वाला कदम बताते हुए तर्क दिया कि यह प्रस्ताव इस संस्था के कार्य और उद्देश्य का उपहास करता है। इस प्रयास को भले ही मानचित्र संबंधी मापदंडों को अद्यतन करने की सामान्य कोशिश बताया जा रहा हो, लेकिन अमरीका इसे एक व्यापक और अधिक कट्टरपंथी वैचारिक परियोजना का हिस्सा मानता है। दुनिया को वर्षों से एक नक्शे के जरिए देखने का नजरिया बदलने और सटीक करने की कोशिश आखिरकार 4 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के मतदान में कामियाब हुई। भारत सहित 164 देशों ने नए नक्शे के पक्ष में वोट किया, अकेले अमरीका ने विरोध किया। इस नक्शे को इक्वल अर्थकार्टोग्राफिक प्रोजैक्शन के नाम से जाना जाता है। इस प्रस्ताव की अगुवाई कई अफ्रीकी देशों ने की थी। टॉगो ने अफ्रीकी संघ के समर्थन से लाए गए इस प्रस्ताव में कहा कि मर्केटर नक्शे की विकृतियों ने सदियों से ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रह पैदा किए हैं। इसे संज्ञानात्मक न्याय और ऐतिहासिक सुधार का मामला बताया। इक्वल अर्थ प्रोजैक्शनको 2018 में विकसित किया गया। इससे अन्य इक्वल एरियानक्शे महाद्वीपों के सापेक्ष आकार को बिल्कुल सटीक अनुपात में दिखाते हैं।भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया लेकिन साफ किया कि अगर कोई नया नक्शा बनेगा तो उसमें भारत का पूरा भूभाग सही तरीके से हो, खासकर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख जैसे केंद्र शासित प्रदेश भारतीय आधिकारिक नक्शे के मुताबिक हों। इन्हें गलत या भ्रामक दिखाना मंजूर नहीं होगा।

मर्केटर प्रोजैक्शन अभी भी शिक्षा, मीडिया, डिजिटल और सरकारी सामग्री में काफी उपयोग किया जाता है। गोल पृथ्वी को सपाट सतह पर दिखाने की कीमत क्षेत्रफल में विकृति के रूप में चुकानी पड़ती है। यह भूमध्य रेखा से दूर उत्तर और दक्षिण के इलाकों के आकार बिगाड़ देता है। इससे अफ्रीका, लैटिन अमरीका और दक्षिण एशिया के आकार छोटे लगते हैं और दुनिया का नक्शा असंतुलित नजर आता है।

विचार

अपनी सीमा को ताकत बनाना सीखें गणेश जी से

गणेश जी ने सिद्ध किया कि समस्याओं का समाधान चमत्कार से नहीं, बल्कि कर्म और बुद्धि से होता है। उनके व्यक्तित्व से सीख है कि अनुशासन, अनुकूलन और समय प्रबंधन ही सफलता निर्धारित करते हैं।हमारी भारतीय संस्कृति में हर शुभ कार्य करने से पहले भगवान गणेश का स्मरण किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि गणेश जी का सर्वप्रथम स्मरण करने और उन्हें आमंत्रित करने से कार्य में विघ्न नहीं आते तथा सभी कार्य निर्विघ्न संपन्न होते हैं। गणेश जी आज की युवा पीढ़ी के लिए ऐसे प्रबंधन गुरु हैं, जो अपने व्यक्तित्व और गुणों से यह बताते हैं कि बुद्धि, विवेक और चातुर्य सब पर भारी पड़ता है। बेडौल व्यक्तित्व भी गुणों के आगे मिसाल बन जाता है।आजकल अधिकतर युवा संसाधनों और व्यक्तित्व की छोटी-बड़ी कमियों के कारण तनावग्रस्त हो रहे हैं और कई बार घातक कदम तक उठा लेते हैं। उनके भीतर निराशा इस कदर छा जाती है कि वे उससे बाहर निकलने का प्रयास ही नहीं करते। यदि वे निराशा के भंवर से बाहर निकलकर देखें, तो समझ पाएंगे कि देवताओं ने भी अनेक बाधाओं को पार किया था। बाधाओं को सफलतापूर्वक पार करने के कारण ही वे देव कहलाए। जीवन में कुछ भी सहजता से नहीं मिलता। जो सरलता से मिल जाता है, उसमें वह आनंद नहीं आता, जो संघर्ष के बाद प्राप्त वस्तु में मिलता है। संघर्ष के साथ-साथ व्यक्ति के भीतर विवेक और बुद्धि का होना भी अनिवार्य है। कई बार जो कार्य बल से नहीं होते, वे बुद्धि से संपन्न हो जाते हैं।गणेश जी ने अनेक अवसरों पर अपने कार्यों से सिद्ध किया कि समस्याओं का समाधान चमत्कार से नहीं,

ट्रंप की डॉलरशिप के सामने दूसरी दुकान

ट्रंप परेशान हैं क्योंकि ब्रिक्स अब सिर्फ फोटो खिंचाने वाला क्लब नहीं रह गया। यह वित्तीय व्यवस्था बदलने, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने और डॉलर को बाईपास करने की बात करने लगा है।ईरान समेत कई देशों के सामने सवाल है कि दुनिया में डॉलर की बादशाहत कम कैसे हो।

ट्रंप : क्या? ये लोग डॉलर के बिना व्यापार करने की सोच रहे हैं?ब्रिक्स में रूस है, चीन है, ईरान है, भारत है और कई अन्य देश हैं। सबकी आपस में अनबन है। कोई सीमा पर उलझा है, कोई व्यापार में, कोई तेल में और कोई रणनीतिक प्रभाव को लेकर। लेकिन अमेरिका से नाराज होने की ऊर्जा सबके पास बराबर बची हुई है। यह पारिवारिक एकता का सबसे किफायती मॉडल है। आपस में लड़ो मुफ़्त में, बाहर एकजुट दिखो फोटो में।दरअसल, असली खेल भुगतान प्रणाली का है। अगर देशों के बीच व्यापार डॉलर के बजाय स्थानीय मुद्राओं में होने लगे, डिजिटल भुगतान प्रणालियां आपस में जुड़ने लगें और हर अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन में डॉलर की जरूरत थोड़ी कम हो जाए, तो डॉलर की वैश्विक मांग पर धीरे-धीरे दबाव पड़ सकता है।ट्रंप, मेरी दुकान के सामने नई दुकान क्यों खोल रहे हो?ट्रंप परेशान हैं क्योंकि ब्रिक्स अब सिर्फ फोटो खिंचाने वाला क्लब नहीं रह गया। यह वित्तीय व्यवस्था बदलने, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने और डॉलर को बाईपास करने की बात करने लगा है।ट्रंप दुकानदार हैं, पर स्मार्ट दुकानदार नहीं हैं। वरना उन्हें पता होता कि ग्राहक से लड़कर आप उसे अपना स्थायी ग्राहक नहीं बना सकते।उधर पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ 55 रन पर ही ऑलआउट हो गयी। स्कोरबोर्ड देखकर लगा जैसे टॉस हारने की माफी मांग रही हो। फिर सेमीफाइनल में वह श्रीलंका से भी हार गई। पाकिस्तानी प्रशंसक सोच रहे होंगे, ह्यकोई बात नहीं, भारत से हारना तो खानदानी रवायत है। पर श्रीलंका से क्यों?पर असली अंतर्राष्ट्रीय संकट सऊदी अरब में है। हूती हमलों ने दक्षिणी सऊदी अरब में तेल प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। कई लोग घायल हुए और तेल के कारोबार पर असर पड़ा।

तेल कराह रहा है, भाई, मुझे दोनों तरफ से क्यों घसीट रहे हो? मैं सिर्फ बहना चाहता हूं, राजनीति नहीं करना चाहता।

और ट्रंप शायद अकेले में यही सोच रहे होंगे–

ब्रिक्स डॉलर को तंग कर रहा है, हूती तेल को तंग कर रहे हैं और पाकिस्तान क्रिकेट में खुद को तंग कर रहा है।

फिर सलाहकार फाइल लेकर आता है।

ट्रंप पूछते हैं, कोई अच्छी खबर?

सलाहकार : जी सर, एक है।

शब्द सामर्थ्य -162

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 161 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ्र		र	श्मि
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		वं		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

गन्ना किसान हमारी अर्थव्यवस्था की बहुत बड़ी कड़ी : भावना बोहरा

विधायक भावना बोहरा ने रखी सरदार पटेल की प्रतिमा की नींव- शेयरधारक किसानों को शक्कर व प्रशस्ति पत्र का किया वितरण

पंडरिया/ कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। पंडरिया विधानसभा अंतर्गत किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र में कृषि एवं सहकारिता से जुड़े कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। इसी क्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित,पंडसरिया में आज विधायक भावना बोहरा द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही कुल 229 गांव के 14853 किसानों को रियायती दर पर 50 किलो शक्कर का वितरण एवं 2946 नए किसान सदस्यों को शेयर का वितरण व प्रमाण पत्र वितरण कर बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि गन्ना किसान हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। किसानों की मेहनत का उन्हें उचित लाभ मिले, इसके लिए सहकारी शक्कर कारखाने को मजबूत करना और किसानों को प्रोत्साहित करना हमारी प्राथमिकता है। किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों का उद्देश्य केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करना नहीं, बल्कि कृषि को अधिक लाभकारी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। किसानों को पूर्ण भुगतान मील इसके लिए हमने निरंतर प्रयास किया और विगत 5 वर्षों की तुलना में इस वर्ष हमने किसानों के बकाया भुगतान की राशि सबसे तेज रिकॉर्ड समय मे पूर्ण राशि का भुगतान किया।

भावना बोहरा ने कहा कि गन्ना किसानों को प्रोत्साहन देने तथा सहकारिता से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है।माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की प्राथमिकता किसान कल्याण और ग्रामीण विकास है। डबल इंजन सरकार की किसान हितैषी नीतियों का लाभ गांव के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए क्षेत्र में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

भावना बोहरा ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पंडरिया में इस वर्ष किसानों को 40 करोड़ से अधिक की एफ.आर.पी. राशि का शत प्रतिशत भुगतान 15 जुलाई तक कर दिया गया, जो पिछले 5 वर्षों में सबसे तेज भुगतान है। उन्होंने समस्त शेयर धारक गन्ना किसानों व नए सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि किसानों का हित हमारी प्राथमिकता है।

हमारे किसान भाई-बहन पंडरिया विधानसभा की अर्थव्यवस्था और समृद्धि की सबसे मजबूत नींव हैं। हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि हमारे किसानों को उनके परिश्रम का पूरा सम्मान मिले। किसान आर्थिक रूप से मजबूत होगा तभी गांव मजबूत होंगे और गांव मजबूत होंगे तो प्रदेश भी समृद्ध बनेगा। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने और किसानों को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर किसान संघ के उपाध्यक्ष श्री दिनेश चन्द्रवंशी जी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति नन्दनी साहू जी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति राजेश्वरी घृतलहरे जी, मंडल अध्यक्ष श्री रविश ठाकुर जी, श्री प्रदीप गोस्वामी जी, श्री फलीत साहू जी, श्री बाल मुकुन्द चन्द्रवंशी जी, श्री बालाराम चन्द्रवंशी जी, श्री सुरेश दुबे जी, श्री द्वारिका चन्द्रवंशी जी, श्री शिवनाथ वर्मा जी, श्री शिवकुमार चन्द्रवंशी जी, श्री कल्याण सिंह जी, श्री ओम यदू जी, श्री डीसी चन्द्रवशी जी, श्री मनोज ठाकुर जी, श्री भागीरथी साहू जी, श्री कृष्णा चन्द्राकर जी, श्री विकास पाण्डेय जी, श्री यशपाल छाबड़ा जी, श्री रोशन जैन जी, श्री रमेश गुप्ता जी, श्री राम कुमार चंद्राकर जी, श्री अश्वनी यदु जी, श्री राजकुमार नेताम जी, श्री भानेश्वर जायसवाल जी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, शक्कर कारखाना के अधिकारी व कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे।

सूरज यादव को सोशल मीडिया मण्डल संयोजक की अहम जवाबदारी, कन्हैया चंद्रवंशी को सह संयोजक की कमान

पंडरिया/ कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया द्वारा जिले के 14 मण्डलो में संगठन का विस्तार करते हुए मण्डल संयोजक एवं सह संयोजको की घोषणा भाजपा जिला महामंत्री एवं कार्यकालय प्रभारी मुकेश सिंह ठाकुर के द्वारा की गई

भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी की सहमति से व दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला संगठन प्रभारी महेश वर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी की अनुशंसा पर जिले के 14 मण्डलों में सोशल मीडिया मण्डल संयोजक एवं सह संयोजक की नियुक्ति की घोषणा की सूची जिला महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी मुकेश सिंह ठाकुर के द्वारा जारी की गई। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा कबीरधाम राजेन्द्र चंद्रवंशी एवं छ.ग. विधानसभा की उत्कृष्ट पंडरिया की लोकप्रिय विधायक श्रीमती भावना बोहरा की सहमति से मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी की अनुशंसा पर कुण्डा निवासी सूरज यादव को भाजपा मण्डल कुण्डा में सोशल मीडिया मण्डल संयोजक की अहम जवाबदारी से नवाजा गया है, वहीं हथमुड़ी निवासी कन्हैया चंद्रवंशी को सह संयोजक की जवाबदारी दी गई है।

सूरज यादव को भाजपा सोशल मीडिया में कुण्डा मण्डल संयोजक बनने पर जिला अध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र चंद्रवंशी, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, सभापति रामकुमार भट्ट्ट,जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी,ओम यदु सुरेश दुबे दिनेश मिश्रा हरे कृष्णा शुक्ला रामकुमार चंद्राकर,रामस्वरूप साहू विकास पाण्डेय,संतोष चंद्रवंशी गीता राम साहू हरेन्द्र कश्यप, कृष्णा चंद्राकर महेन्द्र धृतलहरे,ध्वजाराम चंद्राकर, मनहरण साहू,सुमन गुप्ता,दिनेश चंद्रवंशी,भोलाराम चंद्रवंशी मनोज ठाकुर गणेश यादव अमन खनूजा,अश्वनी यदु सुधा राम साहू संतोष ध्रुव,गणेश यादव भानुमती साहू सरिता वैष्णव संगीता निर्मलकर नरेंद्र मल्लाह पुरुषोत्तम निर्मलकर रमन खनूजा,कपिल चंद्राकर देवेंद्र चंद्रवंशी निलेश गुप्ता फिरतू साहू सुमन ढीमर बबली साहू साजन सारथी पूर्णिमा सेन गणेश सोलंकी साहेब लाल सोनवानी राजू श्रीवास रामेश्वर साहू मोहन चंद्राकर मुकेश यदु शशांक शर्मा रामप्रताप चंद्रसेन दिलीप चंद्रवंशी जेठू निर्मलकर प्रकाश अनंत रामायण वैष्णव माखन चंद्रवंशी संजय चंद्रवंशी संतोष साहू परमेश्वर साहू ईश्वर चंद्राकर मोहित मानिकपुरी रवि चंद्रवंशी रवि साहू जोगी चंद्राकर चैतन्य सोनी रमेश सारथी लव साहू मुकेश साहू पन्ना साहू मोनू विश्वकर्मा नंदू साहू गोविंद साहू मोटू वैष्णव जितेंद्र निर्मलकर उमेश यादव सहित शीर्ष नेतृत्व एवं भाजपा मण्डल पदाधिकारियों युवा कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सूरज यादव जैसे समर्पण और सक्रिय कार्यकर्ता को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने पर से कुण्डा मण्डल में भाजपा की सोशल मीडिया ताकत और मजबूत होगी

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि सूरज यादव एवं कन्हैया चंद्रवंशी दोनों पदाधिकारी सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की रीति नीति और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे

इस अहम जवाबदारी मिलने पर मण्डल संयोजक सूरज यादव ने कहा -

"भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। पार्टी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की रीति-नीति और केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।"

स्वच्छता ही सेवा 2026: तोखन साहू ने नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी का किया आह्वान

मुंगेली (दैनंदिनी ब्यूरो)। राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा 2026' (SHS 2026) अभियान की शुरुआत 17 सितंबर 2026 से की जाएगी। इस वर्ष अभियान का विषय ''स्वच्छता में जन सहभागिता; स्वच्छ भारत, विकसित भारत'' है। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों में सहभागिता, जिम्मेदारी और स्वामित्व की भावना को मजबूत करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में जनभागीदारी को व्यापक बनाना है।

आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान स्वच्छता को केवल सरकारी कार्यक्रम न बनाकर 'संपूर्ण सरकार' और 'संपूर्ण समाज' के दृष्टिकोण के साथ जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करता है। वर्ष 2026 में अभियान के दौरान स्वच्छता के साथ-साथ नागरिकों और 'जन भागीदारी' पर विशेष जोर दिया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत चिन्हित स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों (CTUs) का कायाकल्प, सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण तथा स्वच्छता गतिविधियों को दीर्घकालिक रूप से बनाए रखने पर विशेष जोर रहेगा।

युवा, सफाईमित्र और सर्कुलरिटी पर विशेष फोकस

इस वर्ष स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों को स्वच्छता गतिविधियों का केंद्र बनाया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए स्वच्छता ज्ञान यात्रा, स्वच्छता एवम जल संरक्षण संवाद, स्रोत पृथक्करण एवं अन्य जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

इसके साथ ही 'सफाईमित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर' के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य जांच, कल्याण योजनाओं, सुरक्षा उपकरणों और सम्मान से जुड़े विषयों पर ध्यान दिया जाएगा।

'कचरे से कंचन' और 'कचरे से कला' जैसी पहलों के माध्यम से पुनः उपयोग, मरम्मत, पुनर्चक्रण और कचरे को संसाधन में बदलने की दिशा में नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाएगा।

वर्ष 2025 के अभियान में देशभर में लगभग *18 करोड़ लोगों* ने सहभागिता की थी, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों से 13.91 करोड़ और शहरी क्षेत्रों से 4.53 करोड़ प्रतिभागी शामिल थे।

27 सितंबर, 1 अक्टूबर और 2 अक्टूबर को विशेष आयोजन

अभियान के दौरान 27 सितंबर 2026 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन स्थलों, तीर्थस्थलों, स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थलों एवं सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

1 अक्टूबर 2026 को सुबह 8 से 9 बजे तक 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' पहल के तहत देशभर में एक साथ स्वैच्छिक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किए जाएंगे।

वहीं 2 अक्टूबर 2026 को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ग्राम सभाओं तथा शहरी क्षेत्रों में विशेष परिषद बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी।

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने नागरिकों, शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय निकायों, स्वयंसेवी संगठनों, निजी क्षेत्र एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों और जनभागीदारी से स्वच्छता के संकल्प को स्थायी जनआंदोलन में बदला जा सकता है।

रोल के पास नदी में मिला शव पुलिस ने शुरू की जांच

कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। रेंगाखार थाना क्षेत्र के ग्राम रोल के पास जमुनिया नदी में गुरुवार को एक युवक का शव पानी में डूबा हुआ मिला। मृतक की पहचान राजेंद्र धुर्वे पिता मानसिंह, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम नगवाही के रूप में हुई है। राजेंद्र धुर्वे शासकीय हाई स्कूल झलमला में चपरासी के पद पर कार्यरत था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 13 सितंबर 2026 को मृतक की पत्नी तीजा पर्व के लिए अपने मायके गई थी। इसके बाद राजेंद्र घर से बाहर निकला था। परिजनों द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। इसी बीच ग्राम रोल के पास जमुनिया नदी में उसका शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस के अनुसार शव करीब 2 से 3 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। प्रथम दृष्टया पानी में डूबने से मृत्यु होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तथा अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना को लेकर पुलिस हत्या और आत्महत्या सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल और परिस्थितियों से जुड़े साक्ष्यों को भी संकलित किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही युवक की मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है।

धारदार हथियार लहराकर लोगों को धमकाने वाला युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में थाना पण्डरिया प्रभारी निरीक्षक अजय सिन्हा द्वारा धारदार हथियार लहराकर लोगों को धमकाने वाले आरोपी के विरुद्ध महज चंद घंटे के भीतर वैधानिक कार्यवाही की गई।

15सितम्बर को थाना पण्डरिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हेमन्त कुमार धावलकर, उम्र 27 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 03 गोपीबंदपारा, पण्डरिया धारदार हथियार लहराते हुए पण्डरिया नगर क्षेत्र में घूम रहा है तथा इंस्टाग्राम पर रील बनाकर पण्डरिया आने वाले लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

सूचना की तस्दीक एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु तत्काल थाना प्रभारी द्वारा विशेष टीम गठित कर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में संदेही की तलाश की गई। इस दौरान आरोपी को कुकदूर रोड पण्डरिया स्थित शराब भट्ठी के पास धारदार हथियार (फरसा) लहराते हुए तथा लोगों को धमकी देते हुए पाया गया। मौके की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सुरक्षित की गई।

पुलिस द्वारा आरोपी से धारदार हथियार रखने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु धारा

94 बीएनएसएस के तहत नोटिस दिया गया, जिस पर आरोपी द्वारा किसी प्रकार का वैध लाइसेंस नहीं होना बताया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार फरसा विधिवत जप्त किया।

आरोपी हेमन्त कुमार धावलकर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 188/2026, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं धारा 351(3) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

उक्त कार्यवाही में जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणो कुशल निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक श्री अजय सिन्हा के नेतृत्व में थाना टीम से प्रशिक्षु उप निरीक्षक झुमेश्वर प्रसाद साहू एवं थाना पण्डरिया पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर

E-mail ID - res.janjgirchampa.janjgir@gmail.com

// संक्षिप्त ई-निविदा सूचना क्रमांक - 08 //

क्रमांक 1468 / निविदा/ग्रा.या. सेवा/2026 जांजगीर, दिनांक 11/09/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा आमंत्रण बार	निविदा कार्यालय में पहुचने की अंतिम तिथि
शासकीय उद्यान रोपणी चुरतेली में उद्यानिकी उत्पादों के भण्डारण हेतु गोदाम निर्माण कार्य (विद्युतीकरण सहित) विकासखण्ड डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.) टेण्डर नम्बर–199311	23.98	प्रथम बार	30.09.2026

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in मे दिनांक 11.09.2026 से दिनांक 28.09.2026 तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

जी- 262703282/2

CGPSC में गड़बड़ी का आरोप, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार : नवीन जायसवाल

कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने पत्रकारवार्ता लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राज्य की PSC परीक्षा में कथित मूल्यांकन संबंधी गड़बड़ियों और केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा।

नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य सेवा परीक्षा 2025 में 265 पदों के लिए मुख्य परीक्षा के बाद नियमानुसार 1:3 के अनुपात में 795 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना चाहिए था, लेकिन केवल 608 अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए चयनित हुए। उन्होंने आयोग से मांग की कि 187 अभ्यर्थियों को न्यूनतम अंक नहीं मिलने का आधार सार्वजनिक किया जाए।

उन्होंने 2024 की मुख्य परीक्षा की कुछ उत्तर-पुस्तिकाओं के उदाहरण देते हुए कहा कि समान अथवा सही उत्तरों के लिए अलग-अलग अंक दिए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। जायसवाल ने कहा कि इससे अभ्यर्थियों के बीच परीक्षा की पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

उन्होंने मांग की कि साक्षात्कार प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित किया जाए, सभी अभ्यर्थियों की उत्तर-पुस्तिकाएं साक्षात्कार से पहले उपलब्ध कराई जाएं, उत्तर-पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन हो और 1:3 के नियम का पालन किया जाए। साथ ही मुख्य परीक्षा के लिए मॉडल उत्तर जारी करने और मूल्यांकनकर्ताओं के लिए स्पष्ट मानदंड तय करने की मांग की।

नवीन जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा के सेवा एवं समर्पण कार्यक्रमों को लेकर कहा कि कांग्रेस इसे बेरोजगारी, महंगाई, वादाखिलाफी और किसान धोखा दिवस के रूप में सवालों के साथ उठा रही है।

उन्होंने रोजगार, महंगाई, किसानों की आय, काले धन, नोटबंदी और जीएसटी सहित केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जनता को बड़े आयोजनों के बजाय सरकार के चुनावी वादों और उनके क्रियान्वयन का आंकड़ों सहित हिसाब मिलना चाहिए।

श्री जायसवाल ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि 1 लाख सरकारी नौकरी, 500 में गैस सिलेंडर, अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण, किसानों से किए गए वादे, बेरोजगारी भत्ता, विद्यार्थियों के परिवहन पास और 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ जैसे वादों पर सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस युवाओं, किसानों, कर्मचारियों और आम जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी तथा सरकार से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करती रहेगी।

शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि देश का युवा रोजगार मांग रहा है और महंगाई से परेशान परिवार राहत की उम्मीद कर रहे हैं। ऐसे समय में सरकार को जश्न से ज्यादा जनता के सवालों पर जवाब देना चाहिए। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर युवाओं को रोजगार और आम जनता को महंगाई से राहत देने का ठोस रोडमैप सामने रखना चाहिए।

कार्यालय संचालक अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर (छ०ग०)

Email-diraabr@gmail.com

// संक्षिप्त निविदा की सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर अंतर्गत कानन पेण्डारी जूॅजिकल गार्डन, बिलासपुर में स्वीकृत निर्माण कार्य अंतर्गत सामग्री Stone coated roof tiles क्रय हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित फर्म से मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र/फार्म संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर के कार्यालय से इस निविदा के प्रकाशन के अगले दिन से प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत कर 500 रूपये में राष्ट्रीयकृत अथवा कोई भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक ड्राफ्ट संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर के नाम से जमा कर प्राप्त कर सकते है। यदि किसी कारणवश निविदा सफल नहीं होती है तो आगामी निविदा का निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है -

क्रं	विवरण	प्रथम निविदा तिथि	द्वितीय निविदा तिथि	तृतीय निविदा तिथि
1	2	3	4	5
1	निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	14.10.2026 12.00 PM तक	29.10.2026 12.00 PM तक (अगर पहली निविदा असफल हो तो)	06.11.2026 12.00 PM तक (अगर दूसरी निविदा असफल हो तो)
2	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	14.10.2026 02.00 PM तक	29.10.2026 02.00 PM तक (अगर पहली निविदा असफल हो तो)	06.11.2026 02.00 PM तक (अगर दूसरी निविदा असफल हो तो)
3	निविदा फार्म खोले जाने की तिथि एवं समय	14.10.2026 03.00 PM	29.10.2026 03.00 PM (अगर पहली निविदा असफल हो तो)	06.11.2026 03.00 PM (अगर दूसरी निविदा असफल हो तो)

संचालक
अचानकमार अग्ररकंटक बायोस्फियर
रिजर्व, बिलासपुर (छ.ग.)

जी- 262703343/1

एशियन गेम्स में क्रिकेट का आगाज, बांग्लादेशी टीम बिना खेले सीधे सेमीफाइनल में पहुंची

मुंबई (एजेंसी)। एशियन गेम्स का आगाज हो चुका है। वैसे तो इस टूर्नामेंट में बहुत सारे खेल होंगे, लेकिन सभी की नजर क्रिकेट पर रहने वाली है। महिला क्रिकेट की शुरुआत हो चुकी है। हालांकि भारतीय टीम अभी कुछ वक्त बाद मैदान पर उतरेगी। इस बीच बांग्लादेश की महिला टीम का आज मैच था, लेकिन टीम बिना खेले ही सीधे सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

महिला क्रिकेट की शुरुआत एशियन गेम्स में हो चुकी है। आज पहला मुकाबला बांग्लादेश और चाइना की महिला टीमों के बीच होना था, लेकिन बारिश के कारण मैच नहीं हो पाया। इसके बाद तय किया गया कि बांग्लादेशी टीम सेमीफाइनल में चली जाएगी। अब सवाल ये है कि जब मैच हुआ ही नहीं तो बांग्लादेशी टीम कैसे आगे चली गई। इसका जवाब है रैंकिंग। महिला रैंकिंग में बांग्लादेशी टीम चाइना से आगे है, लिहाजा मैच नहीं हुआ तो इसका फायदा बांग्लादेशी टीम को मिल गया है। आज ही यानी गुरुवार को दूसरा मुकाबला पाकिस्तान और थाईलैंड के बीच है, वो भी बारिश के कारण बाधित हो सकता है।

बात अगर भारतीय महिला टीम की करें तो उसका पहला मैच शुक्रवार को होगा। दूसरे दिन पहले क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की टीम श्रीलंका की महिला टीम से भिड़ेगी। इसके बाद दूसरा मैच जापान की महिला टीम से भारत का होगा। जहां एक ओर पहला मैच सुबह साढ़े पांच बजे से खेला जाएगा, वहीं दूसरा मैच यानी भारत का मुकाबला सुबह साढ़े दस बजे से खेला जाएगा।

भारत की पुरुष टीम के मैच के लिए करना होगा इंतजार

भारतीय महिला टीम भी अपने रैंकिंग के आधार पर सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और अगर टीम ने जापान हो करा दिया तो वो भी सीधे सेमीफाइनल में चली जाएगी, लेकिन अगर पहले दिन की तरह ही दूसरे दिन भी बारिश रही तो बिना मैच खेले ही टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब हो जाएगी। वहीं पुरुष टीम के मैचों में अभी वक्त है, उसके लिए अभी आपको कुछ दिन का इंतजार करना होगा। भारत बनाम अफगानिस्तान तीसरा टी20 इंटरनेशनल मैच खेलकर टीम जापान के लिए रवाना होगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम इंडिया पहले 22 सितंबर को एक मैच जापान के साथ खेलेगी, उसके बाद क्वार्टर फाइनल खेला जाएगा। हालांकि भारत का मैच किससे होगा, ये अभी तय नहीं है।

भारत और साउथ कोरिया के बीच होगी डेविस कप के दूसरे राउंड में भिड़ंत

नई दिल्ली (एजेंसी)। डेविस कप में 18 और 19 सितंबर को भारतीय टेनिस टीम दूसरे राउंड में साउथ कोरिया के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। ये मैच साउथ कोरिया की मेजबानी में सियोल के ओलंपिक टेनिस कोर्ट में खेले जाएंगे। इसमें 18 सितंबर को दो मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें दोनों ही सिंगल्स के मैच होंगे और इसमें भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश का सामना कोरियाई खिलाड़ी क्वोन सून-वू से होगा। डीके सुरेश की रैंकिंग को लेकर बात की जाए तो वह 367 है लेकिन उन्होंने पहले राउंड में नीदरलैंड के खिलाफ जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। वहीं भारत और साउथ कोरिया के बीच में मुकाबले का सीधा प्रसारण VETO OTT पर किया जाएगा।

सियोल के ओलंपिक कोर्ट में होने वाले भारत और साउथ कोरिया के बीच में डेविस कप के दूसरे राउंड के मुकाबले का सीधा प्रसारण भारत में VETO OTT पर किया जाएगा, जिसमें 18 सितंबर को जहां मैच की शुरुआत भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 पर होगी तो वहीं 19 सितंबर को पहला मुकाबला सुबह 8:30 पर खेला जाएगा। फैंस इन मैचों को भारत में अपने स्मार्ट टीवी पर अपने Android TV, Fire TV Stick या Apple TV पर ऐप स्टोर से सीधे VETO OTT डाउनलोड कर फ्री में देख सकते हैं।

भारत और साउथ कोरिया के बीच डेविस कप में हेड टू हेड रिकॉर्ड को लेकर बात की जाए तो दोनों टीमों के बीच में अब तक 11 बार मुकाबला देखने को मिला है, जिसमें साउथ कोरिया 6 बार जीतने में कामयाब रहा है तो वहीं भारतीय टीम ने 5 बार जीत हासिल की है। वहीं भारतीय टीम पिछले 2 बार साउथ कोरिया को मात देने में कामयाब रही है जिसमें साल 2016 में भारतीय टीम ने 4-1 के अंतर से जीत हासिल की थी। वहीं सियोल में होने वाले दूसरे राउंड के मुकाबले में जो भी टीम जीतेगी वह अंतिम-8 के लिए इटली के बोलोग्ना का टिकट हासिल कर लेगी।

भारत अभी तक डेविस कप के इतिहास में तीन बार फाइनल तक पहुंचने में कामयाब हो सका है, जिसमें साल 1966, 1974 और 1974 खिताबी मुकाबले खेले हैं लेकिन तीनों में रनरअप टीम के तौर पर खत्म किया है। अब इस बार टीम इंडिया की नजरें खिताब जीतने पर हैं, जिसमें सुमित नागल और डीके सुरेश को अहम भूमिका निभानी होगी जिनका फॉर्म साउथ कोरिया के खिलाफ मुकाबले में काफी अहम रहने वाला है।

एशियन गेम्स के लिए जापान पहुंचते ही भारतीय शूटर्स हुए परेशान, ट्रांसपोर्ट में देरी और लंबी यात्रा पर निराशा जताई

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियन गेम्स 2026 शुरू होने से पहले जापान के नागोया से खिलाड़ियों की तैयारियों को लेकर परेशान करने वाली तस्वीर सामने आई है। खेलों में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे कई देशों के खिलाड़ियों को घंटों तक अपने कमरे का इंतजार करना पड़ा। भारतीय दल के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ भी इस अव्यवस्था से प्रभावित हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ भारतीय सदस्यों को कई घंटे तक उचित ठिकाना मिलने का इंतजार करना पड़ा। प्रतियोगिता शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी हैं, ऐसे में आवास और यात्रा से जुड़ी परेशानियों ने खिलाड़ियों की तैयारियों को प्रभावित किया है।

भारत की 30 सदस्यीय शूटिंग टीम के साथ गए एक सीनियर कोच ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि प्रतियोगिता से पहले की व्यवस्थाओं, खासकर ट्रेनिंग और प्रतियोगिता वाली जगह तक आने-जाने में लगने वाले लंबे समय पर निराशा जताई है। कोच ने कहा कि वे कुछ उम्मीदों के साथ जापान आए थे, लेकिन व्यवस्थाएं वैसी नहीं थीं, जैसी उन्होंने देश के बारे में सोची थी। भारतीय शूटर्स को रेंज से लगभग 50 किलोमीटर दूर अलग-अलग होटलों में ठहराया गया है। भारतीय शूटर्स को ट्रेनिंग शेड्यूल का पालन करने के लिए सुबह जल्दी उठना और रास्ते में लंबा समय बिताना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्टेशन एक बड़ी समस्या है। लेकिन हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं? उन्हें शूटिंग रेंज के आस-पास कोई होटल नहीं दिखा। अगर होते, तो हम जल्दी पहुंच जाते। उन्होंने हमें बहुत दूर ठहराया है, तो अब हम क्या कर सकते हैं?

भारत के अलावा वियतनाम, चीन, साउथ कोरिया और थाईलैंड के खिलाड़ियों को भी नागोया पहुंचने के बाद इसी तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई खिलाड़ी एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करते रहे, जिसके बाद उन्हें कमरों का आवंटन किया गया।

आखिरी ओवर में मिली पाकिस्तान को जीत

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियन गेम्स में आज एक उलटफेर होते होते बचा। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि थाईलैंड की टीम पाकिस्तान महिला टीम को हरा देगी, लेकिन आखिरकार टीम ने आखिरी ओवर में जाकर मैच अपने नाम कर लिया और एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच में बारिश का भी असर रहा। इसलिए इसे कम ओवर का कर दिया गया था। बांग्लादेशी टीम पहले ही सेमीफाइनल में बिना खेले पहुंच चुकी है।

क्रिकेट के मुकाबले एशियन गेम्स 2026 में शुरू हो चुके हैं। आज का पहला मैच बांग्लादेश और चाइना के बीच होना था, लेकिन इस मैच के दौरान बारिश होती रही और एक भी बॉल का खेल नहीं हो पाया। इसलिए मैच को रद घोषित कर दिया गया। ऐसे में बेहतर रैंकिंग के आधार पर बांग्लादेश महिला टीम सेमीफाइनल में चली गई है। इस बीच चाइना की टीम बिना एक भी बॉल खेले इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

इसके बाद दूसरा मैच पाकिस्तान और थाईलैंड की महिला टीमों के बीच खेला गया। हालांकि इस मैच में भी बारिश का असर देखने के लिए मिला। मैच निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो पाया। ऐसा लग रहा था कि कहीं ये मैच भी रद ना हो जाए। लेकिन कुछ देर बाद मैच शुरू हुआ, लेकिन इसे 20 ओवर से घटाकर 11 ओवर का कर दिया गया। थाईलैंड की टीम पहले बैटिंग के लिए उतरी और 11 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 91 ही रन बना सकी। इसके बाद पाकिस्तानी टीम इस लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी। उसे 11 ओवर में 92 रनों की जरूरत थी।

पाकिस्तान की पारी के जब सात ओवर खत्म हुए, तब तक पाकिस्तानी टीम चार विकेट के पर केवल 48 रन ही बना सकी थी और लग रहा था कि मैच फंस जाएगा। लेकिन आठवें ओवर में कप्तान फातिमा सना की अच्छी बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने 25 रन बना लिए। लेकिन 13 बॉल पर 21 रन बनाकर फातिमा आउट हो गईं और लगा कि अब पाकिस्तान के लिए मुश्किलें बढ़ेंगी। लेकिन किसी तरह टीम ने जरूरी रन जुटा लिए, हालांकि इसके लिए उसे काफी मेहनत करनी पड़ी और आखिरी ओवर तक मैच गया।

व्यापार

सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ बंद, निफ्टी 23250 के ऊपर कायम

मुंबई (एजेंसी)। गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में दिनभर के उतार-चढ़ाव और क्लोजिंग ऑक्शन सेशन के बाद मिला-जुला रुख देखने को मिला।

जहां एक ओर बीएसई (BSE) का मुख्य सूचकांक सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ, वहीं दूसरी ओर एनएसई (NSE) का निफ्टी 50 अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए 23,250 के अहम स्तर के ऊपर मजबूती से बंद होने में सफल रहा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 21.86 अंक की मामूली सुस्ती के साथ 74,314.59 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 50 में 53 अंक की बढ़त दर्ज की गई और यह 23,270.60 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव को मापने वाला इंडिया VIX करीब 7 फीसदी गिरकर बंद हुआ, जो बाजार में घबराहट में कमी का संकेत देता है।

कारोबारी सत्र के दौरान कई दिग्गज शेयरों में निवेशकों की ओर से जमकर खरीदारी देखने को मिली, जिनमें 1.5% से लेकर 5% तक की तेजी दर्ज की गई:

एचडीएफसी लाइफ: 5.05% की भारी उछाल के साथ सबसे आगे रहा।

टीएमपीवी: 4.49% चढ़कर बंद हुआ।

SBI लाइफ: 4.06% की शानदार बढ़त हासिल की।

डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज: 3.07% की तेजी के साथ बंद हुआ।

भेल: 2.51% मजबूत हुआ।

इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो): 2.36% की बढ़त दर्ज की।

टाटा स्टील: 2.34% की तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज: 1.98% का उछाल आया।

इटर्नल एंड श्रीराम फाइनेंस: क्रमशः 1.69% और 1.63% चढ़े।

एशियन पेंट्स: 1.55% की तेजी के साथ बंद हुआ।

इसके अलावा मारुति (1.41%), टाटा कंज्यूमर (1.36%) और सिप्ला (1.35%) में भी अच्छी खरीदारी दर्ज की गई। वहीं दूसरी तरफ ओएनजीसी (-1.85%), टाइटन (-1.38%), एचडीएफसी बैंक (-1.18%), हिंदुस्तान यूनिलीवर (-1.01%) और कोल इंडिया (-1.01%) में बिकवाली का दबाव रहा।

ब्रॉडर मार्केट और सेक्टोरल इंडेक्स का हाल

दिग्गज सूचकांकों के मुकाबले ब्रॉडर मार्केट का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.92% और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.71% की बढ़त दर्ज की गई। बाजार की चौड़ाई पूरी तरह से खरीदारों के पक्ष में रही, जहां बढ़त के साथ बंद होने वाले शेयरों की संख्या 2,480 रही, जबकि 1,487 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। सेक्टोरल मोर्चे पर रियल्टी और फार्मा सेक्टर्स में 1.5% से अधिक की तेजी दर्ज की गई। मीडिया सेक्टर 1.35% चढ़कर बंद हुआ, जबकि ऑटो और मेटल इंडेक्स में करीब 1-1 फीसदी का सुधार देखने को मिला। हालांकि, बैंकिंग और आईटी सेक्टर्स लाल निशान में बंद हुए।

पेट्रोल-डीजल : निर्यात शुल्क में 1 से 5 तक की कटौती

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) के निर्यात पर लगने वाले शुल्क में कटौती की है। ये दरें 16 सितंबर से लागू हो गई हैं और अगले पखवाड़े तक प्रभावी रहेंगी। सरकार ने पेट्रोल पर निर्यात शुल्क ₹1 प्रति लीटर, डीजल पर ₹5 और ATF पर ₹4 प्रति लीटर घटाया है। वित्त मंत्रालय की नई अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाली लेवी को ₹1.50 से घटाकर ₹0.50 प्रति लीटर कर दिया गया है। यानी इसमें सीधे ₹1 प्रति लीटर की कमी की गई है।

डीजल के निर्यात पर कुल लेवी ₹25 से घटाकर ₹20 प्रति लीटर कर दी गई है। पहले इसमें ₹24 प्रति लीटर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी (SAED) और ₹1 प्रति लीटर रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सेस (RIC) शामिल था। अब SAED घटाकर ₹20 कर दिया गया है और RIC को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। वहीं, हवाई ईंधन यानी ATF के निर्यात शुल्क में भी ₹4 प्रति लीटर की कटौती की है। पहले यह शुल्क ₹19 प्रति लीटर था, जिसे अब घटाकर ₹15 प्रति लीटर कर दिया गया है।

पेट्रोलियम उत्पादों पर ये निर्यात लेवी 27 मार्च 2026 से लागू की गई थी। इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया संकट के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को हतोत्साहित करना और देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था। सरकार इन शुल्कों की समीक्षा हर पखवाड़े करती है।

US फेड के फैसले से सोना-चांदी की कीमतें धड़ाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। फेस्टिव के सीजन के बीच सोना और चांदी खरीदने की प्लानिंग बना रहे लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट्स (0.25%) की बढ़ोतरी के बाद अंतरराष्ट्रीय और भारतीय वायदा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। फेडरल रिजर्व के इस फैसले से अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है, जिसके दबाव में सोने और चांदी के भाव धड़ाम से नीचे आ गिरे हैं।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर सुबह 9 बजे सोने का भाव 1 फीसदी यानी 1,545 फिसलकर 1,50,925 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। चांदी की कीमतों में भी 2,386 की भारी गिरावट देखने को मिली, जिसके बाद यह 2,32,400 प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही थी। वहीं, अंतराष्ट्रीय बाजार (COMEX) की बात करें तो गोल्ड इंटरनेशनल मार्केट में 1.24% की कमजोरी के साथ 4,332 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 1.19% गिरकर 64.145 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी स्थानीय सराफा बाजारों में भी इस वैश्विक गिरावट का असर साफ देखने को मिल रहा है। दिल्ली, जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ में 24 कैरेट सोने का भाव करीब 1,53,600 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने का रेट 1,40,810 प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। जबकि, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट सोना 1,53,450 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,660 प्रति 10 ग्राम के आसपास बिक रहा है। अहमदाबाद और भोपाल में 24 कैरेट सोना 1,53,500 प्रति 10 ग्राम तथा 22 कैरेट सोना 1,40,710 प्रति 10 ग्राम चल रहा है।

एन चंद्रशेखरन बने रहेंगे टाटा ग्रुप के चेयरमैन

बोर्ड मीटिंग में 5 साल के नए कार्यकाल पर लगी मुहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय कॉर्पोरेट जगत के सबसे बड़े साम्राज्य में से एक टाटा ग्रुप से इस वक्त की बेहद बड़ी खबर सामने आई है। बॉम्बे हाउस में हुई एक अहम बोर्ड बैठक में टाटा संस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एन. चंद्रशेखरन के नाम पर फिर से बड़ा भरोसा जताया है।

बोर्ड ने उन्हें अगले 5 सालों के लिए दोबारा टाटा संस का कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। चंद्रशेखरन 2017 से टाटा संस की कमान संभाल रहे हैं और अब उनका नेतृत्व अगले पांच साल तक जारी रहने का रास्ता साफ हो गया है।

इस फैसले से पहले चंद्रशेखरन ने अगस्त में बोर्ड को बताया था कि वह चेयरमैन पद पर दोबारा नियुक्ति नहीं चाहते।

इसके बाद टाटा संस में नए चेयरमैन की तलाश शुरू होने की खबरें सामने आई थीं। हालांकि अब बोर्ड के फैसले के बाद यह प्रक्रिया रुक सकती है। चंद्रशेखरन को 2022 में दूसरी बार पांच साल के लिए टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। वह रतन टाटा के बाद 2017 में इस पद पर आए थे। अब तीसरे कार्यकाल के साथ उनका टाटा ग्रुप का नेतृत्व जारी रहेगा।

RBI के फैसले के बाद बदला समीकरण

चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति के पीछे टाटा संस से जुड़े रेगुलेटरी बदलाव को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने सितंबर 2022 में टाटा संस को 'अपर लेयर' NBFC के रूप में सूचीबद्ध किया था। इसके तहत कंपनी को तय समय सीमा में शेयर बाजार में लिस्ट होना था। टाटा संस ने इस नियम से बाहर निकलने के लिए RBI से अपना NBFC रजिस्ट्रेशन वापस लेने का आवेदन किया था। लेकिन 11 सितंबर को RBI ने यह आवेदन खारिज कर दिया। इससे टाटा संस के संभावित IPO और लिस्टिंग का मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है।

सूत्रों के अनुसार, बोर्ड के कुछ सदस्यों का मानना है कि अगर टाटा संस का IPO आता है, तो कंपनी के नेतृत्व में बदलाव न होना निवेशकों के लिए भरोसे का संकेत हो सकता है। टाटा संस की लिस्टिंग होने पर यह भारत के बड़े IPO में से एक हो सकता है। टाटा संस की टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, TCS, इंडियन होटल्स समेत टाटा ग्रुप की कई बड़ी कंपनियों में हिस्सेदारी है। इसलिए टाटा संस के IPO का आकार भी काफी बड़ा होने की उम्मीद है।

बोर्ड में हुआ मतदान

सूत्रों के अनुसार टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति के खिलाफ वोट दिया, लेकिन बहुमत से प्रस्ताव पारित हो गया। टाटा ट्रस्ट्स और टाटा संस ने बोर्ड बैठक के नतीजे पर तत्काल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की।

स्मार्ट मीटर से आसान हुआ बिजली खपत का हिसाब

रायगढ़ (एजेंसी)। स्मार्ट मीटर और डिजिटल तकनीक से अब उपभोक्ताओं के लिए बिजली की खपत और बिल का हिसाब रखना आसान हो गया है। पारंपरिक मीटर में महीने के अंत में बिल मिलने पर ही खपत का पता चलता था, जबकि स्मार्ट मीटर से बिजली उपयोग की जानकारी समय के अनुसार मिल सकती है। इससे उपभोक्ता अधिक खपत वाले उपकरणों की पहचान कर बिजली खर्च नियंत्रित कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के साथ 'मोर बिजली' मोबाइल ऐप की सुविधा भी दी जा रही है। ऐप के माध्यम से उपभोक्ता प्रति घंटे, दैनिक, साप्ताहिक और मासिक बिजली खपत देख सकते हैं।

रियल-टाइम पावर स्टेटस, बिजली आपूर्ति संबंधी अपडेट, ऊर्जा बचत के सुझाव और स्मार्ट खपत प्लानर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

बाल अधिकारों की सुरक्षा और बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने किया कबीरधाम जिले का दौरा

बाल चौपाल 2.0 में बच्चों से किया सीधा संवाद, सुविधाओं की ली जानकारी

कवर्धा, (दैनंदिनी ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कबीरधाम जिले के दौरे में दूरस्थ आदिवासी अंचल से लेकर जिला मुख्यालय तक बच्चों के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं संस्थागत व्यवस्थाओं का निरीक्षण और समीक्षा की। उन्होंने बैरख क्षेत्र के विशेष जनजातीय बैगा अंचल में आयोजित बाल चैपाल 2.0 में बच्चों से सीधे संवाद किया तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं आवासीय संस्थानों का निरीक्षण किया। इसके बाद जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बच्चों से संबंधित योजनाओं एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के बच्चे प्रतिभाशाली और होनहार हैं। उन्हें बेहतर शैक्षणिक अवसर, आधुनिक तकनीकी संसाधन एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराकर उनके भविष्य को और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने बच्चों से जुड़े विषयों पर विभागों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आदिवासी बालक आश्रम बैरख सहित अन्य संस्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. शर्मा ने मलेरिया से बचाव के लिए नई मच्छरदानियां उपलब्ध कराने, शिक्षकों के संबंध में एबीईओ को आवश्यक पत्राचार कर आयोग को अवगत कराने तथा संस्थानों में स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। हाई स्कूल में विज्ञान प्रयोगशाला को सुधार करने के निर्देश दिए। आयोग अध्यक्ष ने शासकीय बालक गृह, कवर्धा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ रात्रि भोजन किया तथा बाल गृह के एक बच्चे का जन्मदिन भी मनाया।

दूरस्थ विशेष जनजातीय बैगा अंचल की तहसील बैरख में आयोजित बाल चैपाल 2.0 में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बच्चों ने आयोग अध्यक्ष के साथ सीधे संवाद करते हुए अपनी समस्याओं, अनुभवों और रुचियों के बारे में खुलकर जानकारी साझा की। चैपाल में क्विज तथा बाल अधिकारों पर आधारित सांप-सीढ़ी जैसे रोचक खेलों के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों ने प्रेरणादायक कहानियां एवं अपने जीवन से जुड़ी बातें भी साझा कीं। इस दौरान गुड टच-बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर और बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी बच्चों की जागरूकता के संबंध में चर्चा की गई।

सेवा संकल्प अभियान के संबंध में साझा की जानकारी

आयोग अध्यक्ष ने बच्चों की प्रतिभा और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने तथा डिजिटल अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। एकलव्य आवासीय विद्यालय, तरेगांव में आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षो के सेवा कार्य, सेवा संकल्प अभियान के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपनी प्रेरणा व्यक्त करते हुए उनके संघर्ष एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रभावित होने की बात कही। विद्यार्थियों ने बेहतर भविष्य के निर्माण के साथ राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। आयोग अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके भविष्य के लक्ष्य एवं रुचियों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की समस्याओं को समय रहते सामने लाने के लिए नियमित काउंसलिंग एवं आवश्यक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर जोर दिया, ताकि बच्चे बिना झिझक अपनी बात साझा कर सकें।

कलेक्टर सभागृह में बाल अधिकारों से जुड़े विषयों की समीक्षा

आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं संस्थागत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने तथा बाल हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार, स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति तथा गणित, अंग्रेजी एवं विज्ञान विषयों में अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कोटपा एक्ट, बाल श्रम अधिनियम एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागीय समन्वय एवं सतत अनुश्रवण पर जोर दिया। महिला एवं बाल विकास तथा श्रम विभाग को समन्वय से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मिनीमाता महतारी जतन योजना के पात्र हितग्राहियों को अधिकतम लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए।

बुजुर्गों के चरण पखारकर लिया आशीर्वाद, 'आशीर्वाद का दिया' से जगमगाया सेवा संकल्प का संदेश

लोरमी (दैनंदिनी ब्यूरो)। लोरमी नगरपालिका हृदय स्थल मानस मंच में 'सेवा मेरा योगदान, स्नेह, सेवा एवं सम्मान समारोह' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बुजुर्गों के चरण पखारकर एवं माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री साव ने पेंशन प्राप्त कर रहे बुजुर्गों के चरण धोकर उनका सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हवन-पूजन कर प्रदेश और देश की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई।

उपस्थित जनसमुदाय ने हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए हवन-पूजन किया।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने दीप प्रज्ज्वलित कर 'आशीर्वाद का दीप' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित कर सेवा, आभार और शुभकामना का संदेश दें। उन्होंने कहा कि 'आशीर्वाद का दीप' केवल दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि बुजुर्गों के आशीर्वाद, सेवा भावना और जनभागीदारी का प्रतीक है।

बुजुर्ग हमारे समाज और देश की धरोहर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आज लोरमी में लगभग 02 हजार बुजुर्गों का सम्मान किया जा रहा है। बुजुर्ग हमारे समाज और देश की धरोहर हैं। वे हमारे मान-सम्मान, अनुभव और गौरव के प्रतीक हैं। जिस परिवार में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वहां संस्कार और सकारात्मक वातावरण मजबूत होता है।

जनभागीदारी से अभियान को दे सकते हैं व्यापक स्वरूप

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सेवा संकल्प अभियान एवं 'आशीर्वाद का दीप' कार्यक्रम में जिलेवासियों से सक्रिय सहभागिता की अपील की।

उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही किसी भी अभियान को व्यापक स्वरूप दिया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरमीत सलूजा ने भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसएसपी भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, जनपद पंचायत अध्यक्ष लोरमी श्रीमती वर्षा विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, विनय साहू, धनीराम यादव, अंजना देवी, महाजन जायसवाल, प्रदीप मिश्रा, रवि शर्मा, नपा उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, जप उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, महाजन जायसवाल, संतोष साहू फौजी, सुशील यादव, राजेंद्र साहु, दिनेश कश्यप, लेखराज ठाकुर, विश्वास दुबे, राजेन्द्र सलुजा, अशोक साहू, नीतेश अग्रवाल, अमिताभ तिवारी, दुष्यंत खत्री, विनोद राजपूत, शैलेन्द्र सलुजा, घँशु राजपूत, नरोत्तम राजपूत, आलोक शिवहरे, घनश्याम यादव, अभिषेक पाठक, तामेश्वर साहू, सोहन डड़सेना, छेदुराम यादव, शिवशंकर यादव, नरेन्द्र खत्री, विकास केशरवानी, हितेश सापरिया, पीयूष साहू, देवेन्द्र केशरवानी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, पेंशनधारी बुजुर्ग, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

जल जीवन मिशन से बस्तर के बेसरापाल की बदली तस्वीर

रायपुर (दैनंदिनी ब्यूरो)। जल जीवन मिशन के तहत बस्तर जिले के ग्राम पंचायत सेमलनार के आश्रित ग्राम बेसरापाल में 'हर घर नल से जल' का संकल्प साकार हुआ है। तीन वार्डों में बसे इस गांव के सभी घरों तक नल के माध्यम से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचने से ग्रामीणों को लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या से राहत मिली है। अब गांव के 111 परिवारों को घर पर ही नियमित पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव के सभी 111 परिवारों को कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन से जोड़ा गया है। नियमित और सुचारु जलापूर्ति के लिए गांव में 40 हजार लीटर क्षमता की पानी टंकी स्थापित की गई है। जलापूर्ति व्यवस्था के संचालन की जिम्मेदारी पंप ऑपरेटर रमेश मौर्य संभाल रहे हैं। आपात स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के लिए गांव में दो हैंडपंप भी कार्यशील रखे गए हैं।

गांव के घरों के साथ-साथ दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों को भी नल कनेक्शन से जोड़ा गया है। इससे आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। योजना ने गांव में पेयजल की सुविधा के साथ-साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा दिया है। बेसरापाल में जल की गुणवत्ता की निगरानी में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। गांव की कृमिटकी कश्यप, उर्मिला कश्यप और सुमनी मौर्य फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से समय-समय पर पानी के नमूनों की जांच करती हैं। इससे ग्रामीणों को मिलने वाले पेयजल की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी बनी रहती है।

तोखन साहू और आशा लकड़ा के बीच जनजातीय समाज के विकास एवं अधिकारों से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

मुंगेली (दैनंदिनी ब्यूरो)। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती आशा लकड़ा ने सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर दोनों के बीच जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन तथा संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने जनजातीय समाज के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण तथा उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रभावी प्रयासों और समन्वित पहल की आवश्यकता पर बल दिया। मुलाकात के दौरान जनजातीय समुदायों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया तथा उनके विकास एवं सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

बालको में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

बालकोनगर (दैनंदिनी ब्यूरो)। वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर संयंत्र की विभिन्न इकाइयों और कार्यालयों में पूजा-अर्चना कर कंपनी की निरंतर प्रगति, कर्मचारियों की सुरक्षा और समृद्धि की कामना की गई।

सुबह से ही संयंत्र परिसर में उत्सव का माहौल रहा। विभिन्न इकाइयों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर आकर्षक सजावट की गई। कंपनी के सीईओ एवं वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका कामगारों ने एकजुट होकर पूजा-अर्चना में भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

भगवान विश्वकर्मा को सृजन, शिल्पकला और निर्माण का देवता माना जाता है। उनकी आराधना बालको की उस कार्यसंस्कृति को भी अभिव्यक्त करती है, जिसमें सुरक्षा, नवाचार, जिम्मेदारी और निरंतर प्रगति को विशेष महत्व दिया जाता है। यह अवसर प्रत्येक कर्मचारी को सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाने और सामूहिक प्रयासों से बेहतर भविष्य के निर्माण की प्रेरणा देता है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक श्री राजेश सिंह ने कहा, "भगवान विश्वकर्मा की आराधना हमें सृजन के साथ सुरक्षा और जिम्मेदारी को प्राथमिकता देने की प्रेरणा देती है। बालको में प्रत्येक कर्मचारी का योगदान हमारी सामूहिक प्रगति का आधार है। सुरक्षित कार्यसंस्कृति, नवाचार और टीम भावना के साथ हम औद्योगिक विकास के नए आयाम स्थापित करने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

बालको में विश्वकर्मा जयंती का आयोजन औद्योगिक परंपरा और आधुनिक कार्यसंस्कृति के सुंदर संगम का प्रतीक है। यह पर्व कर्मचारियों के बीच एकजुटता को मजबूत करने के साथ सुरक्षित, जिम्मेदार और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ने के संकल्प को दोहराने का अवसर भी है।

कांग्रेस ने मोदी सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल,पूछा— अच्छे दिन कब आएंगे और किसानों की आय दोगुनी कब होगी?

गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा आयोजित किए जा रहे सेवा संकल्प अभियान को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है।कांग्रेस ने कहा कि भाजपा भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा और समर्पण के रूप में मना रही है,लेकिन जनता के सामने बेरोजगारी,महंगाई,किसानों की समस्याओं और कथित वादाखिलाफी जैसे सवाल आज भी खड़े हैं।

17 सितंबर जिला कांग्रेस भवन में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा और बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव के द्वारा प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। लेकिन मोदी सरकार के कार्यकाल को केवल उपलब्धियों के रूप में पेश करना जनता की वास्तविक समस्याओं से ध्यान हटाने का प्रयास है।प्रधानमंत्री का जन्मदिन यदि सेवा संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है तो विपक्ष के अनुसार इसे बेरोजगारी दिवस,महंगाई दिवस, वादाखिलाफी दिवस,किसान धोखा दिवस, नोटबंदी दिवस,जीएसटी दिवस और जुमला दिवस के रूप में भी याद किया जाना चाहिए।

वही कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 2014 के बाद रोजगार,महंगाई और किसानों की आय को लेकर किए गए कई वादे अपेक्षित रूप से पूरे नहीं हुए। पार्टी ने सवाल उठाया कि हर साल दो करोड़ रोजगार देने के दावे का वास्तविक परिणाम क्या रहा? महंगाई कम करने के वादे का आम परिवारों को कितना लाभ मिला? किसानों की आय दोगुनी करने और एमएसपी से जुड़े वादों का क्या हुआ? कांग्रेस ने युवाओं,किसानों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों की समस्याओं को लेकर भी केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

कांग्रेस ने नोटबंदी को लेकर भी केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक 2016 में बंद किए गए नोटों में से लगभग पूरी राशि बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गई थी। कांग्रेस इसी आधार पर नोटबंदी के कालेधन विरोधी उद्देश्य पर सवाल उठाती रही है।वहीं जीएसटी की जटिलताओं और बार-बार होने वाले बदलावों को लेकर कांग्रेस ने छोटे और मध्यम कारोबारियों की परेशानियों का मुद्दा उठाया।

कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क को लेकर भी सरकार को घेरा।केंद्र सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार एक समय पेट्रोल पर कुल केंद्रीय उत्पाद शुल्क ₹32.98 प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल पर ₹31.83 प्रति लीटर था।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड–बेमेतरा (छ.ग.)
Phone No. : 07824-222118 email : eebem-phe-cg@nic.in

निआसू.क्र 04 / तशा / का.अ. / लो.स्वा.यां.खंड / 2026–27 बेमेतरा, दिनांक 10.09.2026

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' में निम्नांकित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र.	विकास खण्ड	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु.लाख में)
1	साजा	जिला खनिज संस्थान न्यास मद योजनांतर्गत बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा के ग्राम धौराभाठा में 90 mm 06 Kg/cm2 UPVC Pipe पाईप लाईन प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने, इन्टरकनेक्शन स्पेशल्स सहित स्वीच रूम, विद्युत कनेक्शन, सबमर्सिबल पंप संबंधी आदि समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, संचालन एवं संधारण का कार्य। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित)	9.25

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24.09.2026 संध्या 5.30 बजे तक है तथा अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 07.10.2026 को संध्या 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट द्वारा स्वीकार किये जा सकेंगे। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज, निविदा का विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://phed.cg.nic.in/eproject/nit/ में दिनांक 24.09.2026 को संध्या 10.00 बजे तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)

जी- 262703261/1

सृजन, कौशल और श्रम के सम्मान का संदेश देती है भगवान विश्वकर्मा की आराधना: मुख्यमंत्री साय

रायपुर ■ दैनन्दिनी

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में सृजन, शिल्प और निर्माण के अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा से प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री आर. कृष्णा दास, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी श्री आलोक सिंह सहित मुख्यमंत्री निवास के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए प्रदेशवासियों, विशेषकर श्रमवीरों, शिल्पकारों, कारीगरों, अभियंताओं, तकनीशियनों तथा उद्योग और निर्माण क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजनशीलता, कौशल, कर्मनिष्ठा और उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। उनकी आराधना हमें अपने ज्ञान, हुनर और परिश्रम से समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देती है। विश्वकर्मा जयंती केवल हमारी आस्था और परंपरा से जुड़ा पर्व नहीं है, बल्कि यह श्रम की प्रतिष्ठा, कौशल के सम्मान और सृजन की शक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रदेश और राष्ट्र की प्रगति के पीछे उसके श्रमवीरों, कारीगरों, शिल्पकारों, तकनीशियनों और निर्माणकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेत-खलिहानों से लेकर कारखानों तक, छोटे-छोटे प्रतिष्ठानों से लेकर बड़े उद्योगों तक और पारंपरिक शिल्प से लेकर आधुनिक तकनीक तक, हमारे कुशल हाथ अपने

परिश्रम और प्रतिभा से विकास को आकार देते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान सदैव मेहनतकश लोगों और समृद्ध शिल्प परंपरा की रही है। हमारे शिल्पकारों और कारीगरों ने पीढ़ियों से अपने हुनर के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजा है। वहीं आज के श्रमिक, अभियंता और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े युवा आधुनिक छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरागत कौशल और आधुनिक तकनीक का यह समन्वय प्रदेश के विकास को नई दिशा देने की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रम केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि सृजन और राष्ट्र निर्माण की शक्ति है। प्रत्येक श्रमिक के परिश्रम और प्रत्येक कारीगर के हुनर का सम्मान करना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। छत्तीसगढ़ के श्रमिक, कारीगर और निर्माण से जुड़े लाखों हाथ अपने परिश्रम से प्रदेश की प्रगति को निरंतर गति दे रहे हैं। उनका श्रम और कौशल समृद्ध एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की मजबूत नींव है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती हमें यह संदेश भी देती है कि हम अपने प्रत्येक कार्य को पूरी निष्ठा, अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्टता के साथ करें। बदलते समय के अनुरूप कौशल को निरंतर निखारना और नई तकनीक को अपनाना आज की आवश्यकता है। कौशलयुक्त और परिश्रमी मानव संसाधन के बल पर ही हम आत्मनिर्भर, आधुनिक और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार कर सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना की कि वे प्रदेश के सभी श्रमवीरों, कारीगरों, शिल्पकारों, तकनीशियनों, अभियंताओं और उद्यमियों को अपने कार्य में निरंतर सफलता प्रदान करें तथा उनके कौशल और परिश्रम से छत्तीसगढ़ प्रगति, समृद्धि और खुशहाली के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।

लोकभवन में मनाया गया विश्वकर्मा जयंती

लोकभवन में आज विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। राज्यपाल श्री रमेन डेका एवं प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी ने भगवान विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश के खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, विधिक सलाहकार श्रीमती सत्यभामा दुबे एवं लोक भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

भूपेश बघेल ने विष्णुदेव साय को खदान के मुद्दे पर दी खुली बहस की चुनौती

रायपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना के मुद्दे पर हुई खुली बहस की चर्चा अभी चर्चा में बनी हुई है. इसी बीच खदान के मुद्दे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ओपन डिबेट की चुनौती दे दी है. भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि जिस तरह रायपुर प्रेस क्लब में पंचायत मंत्री के साथ खुली बहस हुई, उसी तरह मुख्यमंत्री के साथ भी वे खुली बहस को तैयार हैं. मुख्यमंत्री डिबेट के लिए मीडिया के सामने आ जाए. वहीं भूपेश बघेल

के चैलेंज को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बयान देकर स्थिति स्पष्ट कर दिया है। भूपेश बघेल ने खुली बहस की चुनौती खदान के मुद्दे पर दी है. मुख्यमंत्री के पास खनन मंत्रालय भी है और प्रदेश में खनन, खदान एक बड़ा जन मुद्दा है. इस मुद्दे पर साय सरकार ने क्या काम किया है, क्या नहीं वो खुलकर मीडिया के सामने रख दें. वे इस विषय पर ओपन डिबेट के लिए तैयार हैं. खदान के मुद्दे पर भूपेश बघेल के चैलेंज को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि इस विषय में सरकार की तरफ से जो भी फैक्ट है, जनता के सामने आ रहा है.

पीएम आवास पर भूपेश बघेल और विजय शर्मा के बीच हुई थी बहस–बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम विजय शर्मा के बीच रायपुर प्रेस क्लब में खुली बहस हुई थी. इस दौरान दोनों नेताओं के बीच लंबी बहस हुई थी. विजय शर्मा बार-बार यह कहते रहे कि बघेल जी समझ सब रहे हैं, लेकिन समझाने की कोशिश कुछ और कर रहे हैं. शर्मा बहस के बीच बार-बार बघेल से झूठ मत बोलिए कहते रहे. वहीं भूपेश बघेल ने भी कहा -सरकार झूठ परोस रही है. सार यही रहा कि डिबेट सच और झूठ के बीच आंकड़ों में उलझी रही.

एटीएम रूम में सांड ने जमाया डेरा

रायपुर। शहर में आवारा मवेशियों की समस्या अब सार्वजनिक सुविधाओं तक पहुंच गई है। एसबीआई के एटीएम कक्ष में सांड के डेरा जमाए रहने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पूरा मामला जुट मिल इलाके में थाने के पास का है।वीडियो सामने आने के बाद एटीएम की सुरक्षा और बैंक प्रबंधन की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि एटीएम के अंदर खतरनाक सांड के मौजूद होने के कारण ग्राहक वहां जाने से कतरा रहे हैं। ऐसे

में एटीएम का इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए परेशानी की स्थिति बनी हुई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले कई एटीएम के बाहर सुरक्षा गार्ड तैनात रहते थे, जिससे लोगों को सुरक्षा का भरोसा रहता था, लेकिन अब कई जगहों पर गार्ड नजर नहीं आते। इसका फायदा उठाकर शाम होते ही आवारा मवेशी एटीएम परिसर में घुस जाते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शहर के कई एटीएम में शाम के समय आवारा जानवरों का जमावड़ा देखने को मिलता है। ऐसे में एटीएम का इस्तेमाल करने पहुंचने वाले ग्राहकों को असुविधा के साथ-साथ सुरक्षा का खतरा भी बना रहता है। जुट मिल इलाके के एटीएम में सांड के घुसने का वीडियो सामने आने के बाद यह मामला चर्चा में है। एटीएम के अंदर सांड को देखकर ग्राहक वहां प्रवेश करने से बच रहे हैं। लोगों ने बैंक प्रबंधन से एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और आवारा मवेशियों की एंट्री रोकने की व्यवस्था करने की मांग की है। फिलहाल वीडियो कब का है और एटीएम में सांड कितनी देर तक मौजूद रहा, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एक्ट-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना बनाने के निर्देश

रायपुर ■ दैनन्दिनी

मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एक्ट-2026 के क्रियान्वयन के संबंध में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने और इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि इस एक्ट के शेड्यूल-1 के अंतर्गत 43 सेवाएं, 9 शासकीय अधिनियम और 8 प्रशासनिक विभाग शामिल किए गए हैं। इसके क्रियान्वयन के लिए 27 अगस्त 2026 से 90 दिनों की विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है। एक्ट के तहत तीन-स्तरीय निगरानी और समीक्षा प्रणाली निर्धारित की गई है। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एपेक्स काउंसिल, कार्यकारी स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति, जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सशक्त समिति बनाई गई है। मुख्य सचिव ने एक्ट का प्रथम प्रारूप (ड्राफ्ट) तैयार कर

संबंधित विभागों से जल्द सुझाव प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवश्यक संशोधन प्रस्ताव तैयार रखकर प्राप्त सुझावों के आधार पर इसे अंतिम रूप देने को कहा गया है। बैठक में डीम्ड अप्रूवल प्रमाण-पत्र के प्रावधानों पर भी चर्चा हुई। निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रमाण-पत्र जारी न होने के मामलों की समीक्षा करने, आवश्यक कार्रवाई करने और विलंब की स्थिति में नियमानुसार पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने एक्ट का चरणबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, नोडल विभागों का निर्धारण करने और आवश्यक मानक कार्यप्रणाली (ैव्च्) अधिसूचित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा विभागवार सेवाओं की नियमित समीक्षा और त्रैमासिक (क्वार्टरली) मॉनिटरिंग पर भी जोर दिया गया है। बैठक में विधि एवं विधायी विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनीष कुमार ठाकुर, माननीय मुख्यमंत्री के सचिव एवं वाणिज्यिक कर तथा लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार, आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्रामीणों के बीच पहुंचे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल

रायपुर ■ दैनन्दिनी

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की समर्पित जनसेवा के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर हितग्राहियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत धनौली पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित परिवारों से मुलाकात की और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी ली। मंत्री श्री अग्रवाल ने पीएम जनमन आवास योजना के हितग्राही श्री कार्तिक राम बैगा एवं श्री धीरपाल सिंह बैगा के नवनिर्मित आवासों का अवलोकन किया। उन्होंने दोनों परिवारों से चर्चा कर आवास मिलने के बाद उनके जीवन में आए बदलावों के बारे में जाना। हितग्राहियों ने पक्का आवास मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। सेवा संकल्प अभियान के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने श्री धीरपाल सिंह बैगा की पत्नी श्रीमती भानुकला बैगा की सफलता की कहानी भी जानी। श्रीमती भानुकला बैगा ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के महिला स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं और बकरी पालन सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय बढ़ा रही हैं।

स्वसहायता समूह से जुड़कर निरंतर मेहनत और आजीविका गतिविधियों के विस्तार के माध्यम से उन्होंने लखपति दीदी बनने की उपलब्धि हासिल की है। मंत्री श्री अग्रवाल ने उनकी सफलता की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाओं का स्वसहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने श्रीमती भानुकला बैगा को आगे भी अपनी आजीविका गतिविधियों को विस्तार देने के लिए प्रोत्साहित किया।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद की कड़ी में मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने आयुष्मान भारत योजना के हितग्राही श्री नेमचंद गुर्जर से भी मुलाकात की। उन्होंने श्री गुर्जर एवं उनके परिवार से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और आयुष्मान भारत योजना से मिले लाभ के बारे में जाना। श्री नेमचंद गुर्जर ने बताया कि उन्होंने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उपचार का लाभ लिया है। उन्होंने रेबीज का टीकाकरण भी कराया है। मंत्री श्री अग्रवाल ने योजना से मिले लाभ की जानकारी लेते हुए परिवार के स्वास्थ्य का हालचाल जाना। मुलाकात के दौरान गुर्जर

परिवार ने मंत्री श्री राजेश अग्रवाल का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें गरमा-गरम स्वादिष्ट भुट्टा खिलाया। ग्रामीण परिवार के इस सहज और आत्मीय आतिथ्य के लिए मंत्री श्री अग्रवाल ने परिवार का धन्यवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों और मंत्री के बीच सहज संवाद का वातावरण बना रहा। मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने ग्रामीणों से सेवा संकल्प अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

किसान नेता रूपन चंद्राकर के भतीजे की दर्दनाक हत्या

आरंग

राजधानी रायपुर से लगे आरंग से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां किसान नेता रुपन चंद्राकर के भतीजे की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई है। उनकी लाश महानदी के तट पर बनचरौदा के पास खून से लथपथ मिली, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। यह पूरा मामला आरंग थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान शासकीय विद्यालय कुम्हारी में पदस्थ शिक्षक शिवकुमार चंद्राकर के रूप में हुई है, जो डंगनिया (चंपारण) के रहने वाले थे। उनका शव महानदी के तट पर बनचरौदा के पास से बरामद हुआ है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, शिक्षक के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार कर हत्या की गई है। घटनास्थल पर उनकी बाइक भी मिली है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह हत्या का मामला है। घटना की सूचना मिलने के बाद, आरंग थाना प्रभारी सहित

पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को संदेह है कि यह रंजिश का मामला हो सकता है, लेकिन अभी तक हत्या के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। रायपुर से डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। ये टीमें घटनास्थल की बारीकी से जांच करेंगी और सबूत जुटाएंगी। पुलिस ने शिक्षक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

कांग्रेस ने 36 लाख दीयों और सरकारी आयोजन पर उठाए सवाल, मांगा खर्च का हिसाब

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर आज आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासत तेज हो गई है। रायपुर जिला कांग्रेस की ओर से गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में पत्रकारवार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार पर कई सवाल उठाए गए। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के आयोजन में सरकारी स्तर पर कथित तौर पर की जा रही भागीदारी, महंगाई, बेरोजगारी, बिजली दरों में वृद्धि और रोजगार के मुद्दे को लेकर सरकार को घेरा। पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सरकार के स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि देश में पहली बार इस तरह सरकारी स्तर पर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाने की नई परंपरा शुरू की जा रही है। धनेंद्र साहू के मुताबिक ग्राम पंचायतों और जनपद पंचायतों तक प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाने के लिए कार्यक्रम किए जा रहे हैं और इसके लिए शासकीय स्तर पर आदेश भी जारी किए जा रहे हैं। धनेंद्र साहू ने कहा कि एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी चरम पर होने का कांग्रेस आरोप लगा रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली की दरों में बढ़ोतरी से आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

मोबाइल लूट-चोरी के अंतर्राज्यीय सिंडिकेट का भंडाफोड़,5 गिरफ्तार

रायपुर। रायपुर कमिश्नरेट पुलिस ने मोबाइल लूट और चोरी करने वाले एक अंतर्राज्यीय सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। कबीर नगर थाना पुलिस और साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह का नेटवर्क रायपुर से ओडिशा और राजस्थान तक फैला था। जांच में अब तक करीब 100 मोबाइल चोरी और लूट की घटनाओं का खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और उनकी निशानदेही पर 14 मोबाइल फोन और 2 लैपटॉप भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह चोरी और लूटे गए मोबाइल को रायपुर में खपाने के बजाय दूसरे राज्यों में भेजता था, जहां उनकी पहचान बदलकर दोबारा बाजार में बेचा जाता था। पुलिस के मुताबिक मोबाइल लूट और चोरी की घटनाओं की जांच के दौरान घटनास्थल और आसपास लगे CCTV कैमरों के फुटेज खंगाले गए। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध की पहचान करने में सफलता मिली। उसकी पहचान शहजाद अली उर्फ भिंडी, निवासी रावाभाटा, थाना खमतराई, रायपुर के रूप में हुई। पुलिस ने घेराबंदी कर शहजाद अली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि वह पहले

भी मोबाइल लूट के मामले में जेल जा चुका है। इसके बाद पुलिस ने उससे मिली जानकारी के आधार पर गिरोह के दूसरे सदस्यों तक पहुंच बनाई। शहजाद अली की निशानदेही पर पुलिस ने उसके दो साथियों कृष दीप और गौरव मझखंड को कैलाशपुरी और भाटागांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि रायपुर में लूटे और चोरी किए गए मोबाइल फोन शहर में ही नहीं बेचे जाते थे। इन्हें बस और दूसरे माध्यमों से ओडिशा भेजा जाता था। वहां इन मोबाइल की पहचान बदलने के बाद उन्हें सेकंड हैंड फोन के तौर पर बाजार में खपाया जाता था। पुलिस के अनुसार गिरोह का एक आरोपी भोदेव मेहर, ग्राम तुकला, राजखरीयार, ओडिशा में मोबाइल दुकान चलाता था। आरोप है कि वह चोरी और लूटे गए मोबाइल फोन का लॉक खोलने के लिए सॉफ्टवेयर आधारित Unlock Tool का इस्तेमाल करता था। लॉक खुलने के बाद इन मोबाइलों को सेकंड हैंड फोन बताकर ग्राहकों को बेच दिया जाता था। पुलिस के मुताबिक कुछ ऐसे मोबाइल भी थे, जिनका लॉक सामान्य सॉफ्टवेयर से नहीं खुलता था। इनमें खासकर कुछ iPhone और Samsung मॉडल शामिल थे। ऐसे मोबाइलों में कथित तौर पर स्क्रैप से मंगवाए गए स्पेयर मदरबोर्ड लगाए जाते थे, जिससे फोन की मूल पहचान बदल जाती थी। पुलिस की जांच में गिरोह की एक और कड़ी राजस्थान के कोटा से जुड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक ओडिशा में जिन मोबाइल फोन का लॉक नहीं खुल पाता था, उन्हें आकाश परेटा, निवासी कोटा, राजस्थान के पास भेजा जाता था। पुलिस का दावा है कि आकाश परेटा खुद को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताता था और ऐसे मोबाइल फोन का लॉक खोलने के बाद उन्हें बाजार में बेचने में मदद करता था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **ब्रजेश शुक्ला** द्वारा नगर निगम कार्यालय के पीछे, मुकुटनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं आसमां पब्लिशर्स जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित। **संपादक- ब्रजेश शुक्ला,** RNI-CHHHIN/2010/34274, फोन-0771-4059450, ई-मेल-mail2dainandini@gmail.com